दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



यमी चॉकलेट बड़ी टेस्टी है कहानी



मेरी प्यारी मम्मी.......

वर्ष : 10 | अंक : 206 | लखनऊ, 06 जुलाई, शनिवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# निवेश के साथ ही आय का भी बेहतर स्रोत बन सकेंगे प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। स्थानीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय में वृद्धि के लिए योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सरकार की मंशा है कि सभी शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं में वृहद पैमाने पर निवेश कर उन्हें सुदृढ़ बनाया जाए और इस तरह विकसित किया जाए कि ये आय का बेहतर स्रोत भी बन सके। इसके माध्यम से न सिर्फ नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों की आय में वृद्धि हो सकेगी, बल्कि ये वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के संकल्प को पूरा करने में अपनी भूमिका का भी निर्वहन कर सकें।



### 38 परियोजनाओं का किया जाएगा चयन

इसके तहत अर्बन लोकल बॉडीज द्वारा चरणबद्ध तरीके से कुल 38 परियोजनाओं का चयन किया जाएगा। जिन इंफ्रास्ट्रक्चर्स में निवेश किया जाना प्रस्तावित है, उनमें ऑफिस बिल्डिंग, अर्बन कियोस्क, मशीनीकृत और अन्य प्रकार की पार्किंग और रोड जंक्शन जैसे प्रशासनिक या यूटिलिटी वाले इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। इसके साथ ही, को-वर्किंग स्पेस, अर्बन मेला, फूड स्ट्रीट हब और डिजिटल स्ट्रीट्स जैसे लाइवलीहुड सेंटर्स और इकॉनमिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल हैं। साथ ही हेरिटेज और कल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर में हेरिटेज स्ट्रीट, कंजरवेशन प्रोजेक्ट्स, म्यूजियम, एग्जिबिशन स्पेस, आर्ट गैलरी, अर्बन आर्ट डेकोर और स्टेच्यू भी हैं। सोशल एवं मनोरंजक सुविधाओं में अर्बन कम्युनिटी सेंटर, मैरिज हॉल, रिटायरमेंट होम्स, सीनियर केयर सेंटर, वर्किंग वुमेन हॉस्टल्स, वर्किंग मेन हॉस्टल्स, आडिटोरियम, अर्बन कैफे हैं तो पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में पेट क्लिनिक्स, पार्क्स, ओपन जिम, मल्टीपरपस स्पोर्ट्स फैसिलिटीज शामिल हैं। वहीं एनवायरमेंटल अपग्रेडेशन में अर्बन वेट लैंड्स, अर्बन फॉरेस्ट, अर्बन नर्सरी और हॉर्टीकल्चर में निवेश की योजना है।

### निर्धारित क्राइटेरिया पर होगा इंफ्रास्ट्रक्चर का चयन

इंफ्रास्ट्रक्चर के निवेश के लिए फंड का आवंटन शहरी स्थानीय निकाय द्वारा किए गए टैक्स कलेक्शन और इसके अपने हिस्से के अनुपात में होगा। साथ ही, इंफ्रास्ट्रक्चर का चयन गाइडलाइंस में निर्धारित क्राइटेरिया के अनुसार होगा। इसके अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर के चयन में शहरी स्थानीय निकाय के आकार की भी बड़ी भूमिका रहेगी।

### पीपीपी, केंद्र व राज्य की योजनाओं के बजट से जुटाया जाएगा फंड

इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश के लिए शहरी स्थानीय निकायों का अपना रेवेन्यू या पीपीपी के माध्यम से फंड जुटाया जाएगा। यही नहीं, राज्य, केंद्र की योजनाओं, एसएफसी, सीएफसी के तहत भी बजट का प्राविधान किया जाएगा। वहीं, सांसदों और विधायकों की निधि से भी इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश किया जा सकता है, जबकि सीएसओ, इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन भी अपने सीएसआर फंड्स के माध्यम से शहरी स्थानीय निकायों के इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश कर सकते हैं। फंड डिस्ट्रिब्यूशन के तहत पहले ऑप्शन में 40 परसेंट नगर निगम, 40 परसेंट नगर पालिका परिषद और 20 परसेंट नगर पंचायतों को दिए जाने का प्राविधान प्रस्तावित है।

# भाजपा ने 24 राज्यों के लिए नियुक्त किए प्रभारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आगामी चुनावों के लिए पार्टी की तैयारी के बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कई प्रमुख क्षेत्रों में राज्य प्रभारियों और सह-प्रभारियों की नई नियुक्तियों की घोषणा की। लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में यह बड़ी नियुक्ति है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब कुछ राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं। जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड जैसे बड़े राज्यों में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं।



### प्रमुख नियुक्तियाँ

- बिहारः महासचिव विनोद तावड़े प्रभारी, सांसद दीपक प्रकाश सह प्रभारी।
- छत्तीसगढ़ः नितिन नबीन प्रभारी नियुक्त।
- गोवाः आशीष सूद को प्रभारी नियुक्त किया गया।
- मणिपुरः अजीत गोपचड़े को प्रभारी नियुक्त किया गया।
- हरियाणाः सतीश पूनिया को प्रभारी नियुक्त किया गया, सुरेंद्र सिंह नागर को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया।
- लद्दाख और जम्मू-कश्मीरः तरुण चुघ को प्रभारी नियुक्त किया गया, आशीष सूद सहप्रभारी की देखरेख करेंगे।
- झारखंडः सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी प्रभारी नियुक्त।
- हिमाचल प्रदेशः श्रीकांत शर्मा को प्रभारी नियुक्त किया गया, संजय टंडन को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया।
- उत्तराखंडः दुष्यंत कुमार गौतम को प्रभारी नियुक्त किया गया, रेखा वर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया।
- केरलः वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर को प्रभारी नियुक्त किया गया, सांसद अपराजिता सारंगी को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया।
- उत्तर पूर्व राज्यः सांसद संबित पात्रा को समन्वयक नियुक्त किया गया, पूर्व केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन को संयुक्त समन्वयक नियुक्त किया गया।
- कर्नाटक- प्रभारी- डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, कर्नाटक- सहप्रभारी- सुधाकर रेड्डी
- मध्य प्रदेश- प्रभारी- डॉ. महेंद्र सिंह, सह प्रभारी- सतीश उपाध्याय
- ओड़िशा- प्रभारी- विजयपाल सिंह तोमर, सह प्रभारी- लता उसेंडी
- पंजाब- प्रभारी- विजयभाई रुपानी, सह प्रभारी- नरिंद्र सिंह

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,077/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 75,410.39

निफटी 22,957.10

# गौमुख में नाले में पानी बढ़ने से दिल्ली के दो कांवड़िए बहे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री-गौमुख पैदल मार्ग पर एक नाले में पानी बढ़ने से उस पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गयी जिससे दिल्ली के रहने वाले दो कांवड़िए बह गए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घटना गंगोत्री से करीब नौ किलोमीटर आगे चीड़वासा के पास दोपहर बाद लगभग तीन बजे हुई जहां नाले में उफान आने से उस पर बनी लकड़ी की अस्थाई पुलिया क्षतिग्रस्त हो गयी। उन्होंने बताया कि हिमखंड पिघलने के कारण चीड़वासा नाले में पानी बढ़ गया। अधिकारियों के अनुसार, गौमुख की तरफ भोजवासा के पास 35 यात्री गढ़वाल मंडल विकास निगम के विश्राम गृह तथा अन्य आश्रमों में सुरक्षित हैं। वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है। उन्होंने बताया कि वन विभाग, पुलिस तथा राज्य आपदा प्रतिवादन बल की टीमें बहे कांवड़ियों की तलाश में जुटी हैं। नाले में बहे दोनों कांवड़ियों की पहचाान दिल्ली के रहने वाले सूरज एवं मोनू के रूप में की गयी है। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने गंगोत्री नेशनल पार्क के उप निदेशक को नाले में बहे लोगों की खोजबीन करने तथा गोमुख क्षेत्र में रूके यात्रियों की सुरक्षित निकासी कराने को कहा है।

# हाथरस पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने 'कमियां' गिनाईं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को हाथरस का दौरा किया। इस दौरान राहुल गांधी ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों ने उन्हें बताया कि धार्मिक आयोजन के लिए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था नहीं की गई थी, जिसके कारण भगदड़ मची। मंगलवार को हाथरस में हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं।

राहुल गांधी ने कहा कि वह इस त्रासदी का राजनीतिकरण नहीं करना चाहते। उन्होंने मृतकों के परिवारों के लिए अधिक मुआवजे की मांग की।



एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने बैठक के बाद कहा, ₹यह एक दुखद घटना है। कई लोगों की मौत हो गई है। मैं इसे राजनीतिक चश्मे से नहीं कहना चाहता, लेकिन प्रशासन की ओर से कमियां रही हैं और महत्वपूर्ण बात यह है कि अधिकतम मुआवजा दिया जाना चाहिए क्योंकि वे गरीब परिवार हैं। मैं यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से अनुरोध करता हूं कि वे खुले दिल से मुआवजा प्रदान करें। यदि मुआवजे में देरी होती है, तो इससे किसी को भी फायदा नहीं होगा। मैंने मृतक के परिवार के सदस्यों के साथ व्यक्तिगत रूप से बात की और उन्होंने मुझे बताया कि कोई पुलिस व्यवस्था नहीं थी। वे सदमे में हैं और मैं बस उनकी स्थिति को समझना चाहता था...

गांधी के साथ मौजूद कांग्रेस नेता दानिश अली ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इस त्रासदी को गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने कहा, ₹यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम राहुल गांधी के साथ सुबह पांच बजे ही निकल गए थे। पीड़ितों की कहानियां दिल दहला देने वाली हैं... न तो प्रशासन की कोई जिम्मेदारी तय की गई है और न ही सरकार इसे गंभीरता से ले रही है।

भगदड़ की घटना भोले बाबा के एक धार्मिक आयोजन में हुई। यूपी पुलिस ने इस आयोजन के छह आयोजकों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, मुख्य आरोपी फरार है। भोले बाबा का नाम एफआईआर में नहीं है। राहुल गांधी शुक्रवार सुबह हाथरस के लिए रवाना हुए। उन्होंने रास्ते में अलीगढ़ के दो गांवों का दौरा किया, जहां उन्होंने उन परिवारों से मुलाकात की जिन्होंने भगदड़ में अपने प्रियजनों को खो दिया था। यूपी सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की है। कांग्रेस ने वर्तमान न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार सरकार ने पुल ध्वस्त होने की घटनाओं पर 14 अभियंता निलंबित किए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली,बिहार सरकार ने शुक्रवार को राज्य में पिछले कुछ दिनों में कई पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं के सिलसिले में 14 अभियंताओं को निलंबित कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।जांच समिति द्वारा जल संसाधन विभाग को जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जांच में अभियंता लापरवाह और निगरानी को अप्रभावी पाया गया जिसके कारण राज्य में कई छोटे पुल ढह गए। जिन कर्मचारियों पर गाज गिरी है उनमें तीन अधिशासी अभियंता भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 17 दिनों में सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में कुल 10 पुल ढह गए।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों का सत्रावसान किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली,राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई सरकार के गठन के बाद पहले सत्र के संपन्न होने पर संसद के दोनों सदनों का बृहस्पतिवार को सत्रावसान कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि राष्ट्रपति ने संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की सिफारिश पर संसद के दोनों सदनों का सत्रावसान कर दिया। अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र के बाद दो जुलाई को संसद के निचले सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। राज्यसभा का 264वां सत्र तीन जुलाई को स्थगित कर दिया गया था।

# मैं आतंकवादी नहीं... दिल्ली हाई कोर्ट में बोले केजरीवाल

## दिल्ली सीएम की जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर जवाब देने को कहा। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने जमानत याचिका के संबंध में सीबीआई को नोटिस जारी किया और अगली सुनवाई 17 जुलाई के लिए निर्धारित की। केजरीवाल का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि आप



नेता न तो भागने का जोखिम रखते हैं और न ही आतंकवादी हैं और कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत मिलने के तुरंत बाद सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

दूसरी ओर, सीबीआई का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील डीपी सिंह ने निचली अदालत में जमानत याचिका दायर किए बिना केजरीवाल के सीधे उच्च न्यायालय जाने पर आपत्ति जताई। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां वह अभी भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। इससे पहले बुधवार को, दिल्ली की एक अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 12 जुलाई तक बढ़ा दी थी। कार्यवाही के दौरान, केजरीवाल ने अदालत से बोलने की अनुमति मांगी, लेकिन अदालत ने कहा कि उनका प्रतिनिधित्व पहले से ही उनके वकीलों के माध्यम से किया जा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि उनकी पत्नी ने वर्षों तक उनके स्वास्थ्य के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और चूंकि उन्हें उनकी बीमारियों और चिकित्सा इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी थी, इसलिए उन्हें हर हफ्ते उनके मेडिकल रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान करना उचित और आवश्यक था।

# कोलकाता में कारोबारी के घर पर गोलीबारी करने के आरोप मे तीन गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता शहर के एक कारोबारी के आवास पर गोलीबारी की घटना में कथित रूप से शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार की शाम की है।उन्होंने बताया कि दक्षिणी कोलकाता के रबिंद्र सरोबर इलाके में स्थित एक ऊंची इमारत की आठवीं मंजिल पर रहने वाले कारोबारी देबाशीष डे ने जैसे ही दरवाजा खोला, तीन लोगों ने उन पर हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि कारोबारी के विरोध करने पर, एक आरोपी ने गोली चला दी लेकिन डे बाल-बाल बच गये। डे की पत्नी ने दावा किया है कि तीनों आरोपी बंदूक दिखाते हुए वहां से चले गए, और बंदूक के डर के कारण पड़ोसियों ने भी उनका पीछा नहीं किया। अधिकारी ने बताया, ह्यह्यकारोबारी पर हमला करने के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, और हम हमले के कारण की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों से टॉलीगंज पुलिस थाने में पूछताछ की जा रही है।

# असम में बाढ़ से हाल बेहाल, 21.13 लाख लोग प्रभावित

### पीड़ितों से मिलने पहुंचे सीएम हिमंत बिस्वा सरमा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली,मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य में बाढ़ की स्थिति का आकलन करने के लिए शुक्रवार को असम में जलजमाव वाले क्षेत्रों का दौरा किया। 29 जिलों में लगभग 21.13 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और मरने वालों की संख्या बढ़कर 52 हो गई है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का निरीक्षण किया और डिब्रूगढ़ में बाढ़ प्रभावित पीड़ितों से बातचीत की। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थिति में सुधार हुआ है, जल स्तर नीचे जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों में तटबंध टूटे हैं वे बाढ़ से प्रभावित हैं।

सरमा ने यह भी बताया कि डिब्रूगढ़ क्षेत्र में नालों की सफाई के लिए छोटे उपकरणों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण भी है, जिस पर पानी रुकने के बाद ध्यान दिया जाएगा। सरमा ने पिथुबोर गर्ल्स हायर



सेकेंडरी स्कूल में स्थापित राहत शिविर का दौरा किया, जिसमें 173 व्यक्तियों को रखा गया था, और खोवांग हायर सेकेंडरी स्कूल में, जहां 380 बाढ़ प्रभावित निवासियों को आश्रय दिया गया है। उन्होंने उनकी दैनिक आवश्यकताओं की समीक्षा की और जिला प्रशासन को चिकित्सा सुविधाएं, सुरक्षित पेयजल और कपड़े जैसी आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि राहत सामग्री वितरित करने के अलावा, बाढ़ पीड़ितों के क्षतिग्रस्त घरों की मरम्मत या पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक उपाय तुरंत किए जाएंगे। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अधिकारियों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में दो बच्चों सहित कम से कम छह लोग डूब गए। रिपोर्ट में बताया गया है कि बाढ़ से कम से कम 11,20,165 जानवर भी प्रभावित हुए हैं। प्रशासन ने बाढ़ से प्रभावित 3.86 लाख से अधिक लोगों के लिए लगभग 515 राहत शिविर और वितरण केंद्र स्थापित किए हैं।

# पूर्व वायुसेना प्रमुख का राहुल गांधी पर वार

## सेना को राजनीति में न घसीटें, देश से मांगें माफी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली,भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के पूर्व प्रमुख और बीजेपी नेता आरकेएस भदौरिया ने मृतक अग्निवीर के परिवार को मुआवजा न दिए जाने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दावे को खारिज कर दिया है। भदौरिया ने इस बात पर जोर दिया कि सेना और जवानों के परिवारों को राजनीतिक बहस से दूर रखा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना पहले ही इस मामले को संबोधित कर चुकी है और अग्निवीर अजय सिंह के रिश्तेदारों को दी गई अनुग्रह राशि के बारे में विवरण दे चुकी है। आरकेएस भदौरिया ने कहा कि मैं युवाओं को आश्वस्त करना चाहता हूं कि अग्निवीर भारतीय सेना का हिस्सा हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अग्निवीर को पेंशन को छोड़कर, एक



सामान्य सैनिक की तरह समान व्यवहार और मुआवजा मिलता है। पूर्व वायुसेना प्रमुख ने बताया, भारतीय सेना पर भरोसा रखें, राजनीति का अनुसरण न करें और सेना में शामिल होने से पहले नियम और कानून खुद पढ़ें। उन्होंने यह भी कहा कि शहीद अजय सिंह के परिवार को 98 लाख रुपये दिये जा चुके हैं और उन्हें 67 लाख रुपये और दिये जायेंगे। इस तरह अजय सिंह के परिवार को 1.65 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इससे पहले, भारतीय सेना ने कहा है कि वह कर्तव्य के दौरान अपनी जान गंवाने वाले अग्निवीर अजय कुमार के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करती है और उनके परिवार को पहले ही 98.39 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। लगभग 67 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और अन्य लाभों का भुगतान शीघ्र ही पुलिस सत्यापन के बाद अंतिम खाता निपटान पर किया जाएगा। भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने बुधवार को 'अग्निवीर अजय कुमार को मिलने वाले वेतन पर स्पष्टीकरण' पोस्ट किया और कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट से पता चला है कि अग्निवीर के परिजनों को मुआवजा नहीं दिया गया है। एडीजीपीआई ने कहा, ₹इस बात पर जोर दिया जाता है कि भारतीय सेना अग्निवीर अजय कुमार के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करती है। अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। अग्निवीर अजय के परिवार को कुल देय राशि में से 98.39 लाख रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।₹ 'अग्निवीर' शहीदों को मुआवजे को लेकर विवाद के बीच कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि सरकार को अल्पकालिक सैन्य भर्ती के लिए अग्निपथ योजना पर एक 'श्वेत पत्र' लाना चाहिए, ताकि देश को जमीनी स्थिति की वास्तविकता का पता चल सके।

## संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के कुसुंभी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय वृद्ध की चपेट में आने से मौत हो गई।घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अजगैन थाना क्षेत्र के सिंघनापुर गांव के रहने वाले वृद्ध कमलेश दही थाना स्थित फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। गुरुवार को वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए लखनऊ गए थे। शुक्रवार सुबह वह ट्रेन से घर आ रहे थे। कुसुंभी रेलवे स्टेशन पर उतरते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर नवाबगंज के रहने वाले छोटे दामाद पवन कुमार ने पुलिस व परिजनों को सूचना दी। मौत को लेकर पत्नी रामपति, अविवाहित बेटा करन व विवाहित बेटी सोनी व रोशनी रो-रोकर बेहाल होते रहे।

### पिता पुत्र ने डायल 112 पुलिस कर्मी को छत से फेंका, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 पुलिस को गुरुवार देर रात एक पिता-बेटे के मोहल्ले में शराब पीकर गाली गलौज करने की शिकायत 112 पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गाली गलौज कर रहे पिता बेटे को पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया तो वह छत पर चढ़ गया। ईंट पत्थर चलाने शुरू कर दिए। पुलिस कर्मी छत पर चढ़े तो एक सिपाही को पिता-बेटे ने छत से नीचे फेंक दिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया है। पिता पुत्र को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया है। दोनों को पकड़ने का प्रयास करने लगा था जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गौरा कला निवासी हरिओम शर्मा ने डायल-112 पुलिस को सूचना दी की सरवन (57) पुत्र नन्हा और सरवन का बेटा मनीष (21) शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौज कर रहे हैं। सूचना प्राप्त होने के बाद पुलिस मौके पर रवाना हुई। पुलिस के पहुंचते ही पिता बेटे ने पुलिसकर्मियों पर छत पर चढ़कर ईंट पत्थर चलाना शुरू कर दिया। बचाव करते हुए सिपाही कृष्ण देव घर में घुसकर छत पर चढ़ा और दोनों को पकड़ने का प्रयास करने लगा था।पुलिस ने शुरू की दोनों से पूछताछ इसी दौरान पिता पुत्र ने उसे छत से नीचे फेंक दिया। जिससे वह नीचे गिरा और उसके सिर-पैर में गंभीर रूप से चोट लग गई। साथ ही उसका मोबाइल भी खो गया। मौके पर मौजूद एक साथी पुलिसकर्मी ने उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए सीएचसी मियागंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने बीएनएस के तहत सरवन और मनीष के खिलाफ गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

# स्वास्थ्य सम्मेलन में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ मिलीं परिवार नियोजन की सेवाएँ

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव, ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, औरास में शुक्रवार को स्वास्थ्य सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने जनपद के प्रथम उम्मीद परामर्श केंद्र का उद्घाटन किया। उम्मीद परामर्श केंद्र जनपद के सभी जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मोबियस फाउंडेशन तथा पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से स्थापित किये जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने की ।डॉ. अमित, संयुक्त निदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर शिल्पा नायर, राज्य निदेशक, पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने बताया कि उम्मीद परियोजना के अंतर्गत मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से प्रदेश के सात जनपदों में उम्मीद परामर्श केन्द्रों की स्थापना, नवीन प्रचार-प्रसार सामग्री विकसित किया जाना, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए फेमिली प्लानिंग किट दिया जाना तथा फ्रंट लाइन कार्यकताओं की ट्रेनिंग करवाना है। परियोजना का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के साथ कार्य करते हुए परिवार कल्याण के क्षेत्र में गुणवत्तापरक सेवाओं में वृद्धि एवं विस्तार किया जाना है। डॉ. अमित, संयुक्त निदेशक, परिवार कल्याण ने परिवार नियोजन में युवाओं, पुरुषों एवं नवदम्पति की भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करते हुए इनके महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने समुदाय स्तरीय सेवाप्रदाताओ तथा प्रधानों की भूमिका परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में बताया। मोबियस फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि आज पर्यावरण में तेजी से बदलाव आ रहा है और संसाधन भी सीमित हो रहे हैं, इसका उपयोग सही एवं पूर्ण होना आवश्यक है, इसमें संतुलन बनाये रखने के लिए परिवार नियोजन जैसे कार्यक्रमों की मुख्य भूमिका है। डॉ. अनूप तिवारी-अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ने बताया कि इस स्वास्थ्य सम्मेलन के माध्यम से 600 से ज्यादा महिलाओं एवं किशोर-किशोरियों को सेवाएँ मिलीं, कार्यक्रम में परिवार नियोजन सेवाएँ, किशोर स्वास्थ्य सेवाएँ, आई.सी.डी.एस., आभा आईडी ,आयुष्मान कार्ड की सेवाएँ तथा एन.आर.एल.एम कार्यक्रम से लाभान्वित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उम्मीद परामर्श केंद्र का उद्घाटन करने के साथ ही सभी अतिथियों द्वारा स्वास्थ्य कार्यकताओं को दिए जाने वाले परिवार नियोजन परामर्श पुस्तिका, नवीन प्रचार प्रसार सामग्री का विमोचन किया।इस परिवार नियोजन हैण्डआउट तथा फ्लिपबुक के माध्यम से सभी आशा कार्यकताओं द्वारा समुदाय में परामर्श दिया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नवदम्पति को शगुन किट का वितरण किया गया, परिवार नियोजन में सराहनीय कार्य करने के लिए सेवाप्रदाताओं एवं लाभार्थियों को सम्मानित किया गया।जनपद में उमा देवी, सुनीता देवी, लज्जावती तथा कमलेश आशा को क्रमशः परिवार नियोजन में सबसे ज्यादा कार्य हेतु,महिला नसबंदी कराने हेतु, पी.पी.आई.यू.सी.डी. तथा अंतरा के लिए पुरस्कृत किया गया ।इसी क्रम में डॉ.अखिलेश विक्रम को कुल 1894 महिला तथा 18 पुरुष नसबंदी करने हेतु सम्मानित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न विभागों के स्टाल के साथ पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया द्वारा परिवार नियोजन व किशोर स्वास्थ्य के साथ खेलो और जीतो स्टाल के माध्यम से स्वास्थ्य जाँच और जानकारियाँ दी गयीं और विजेताओं को उपहार भी दिए गए। सम्मेलन में आये लोगों का ध्यान खींचने का मुख्य आकर्षण सेल्फी बूथ रहा, जहाँ पर अतिथियों द्वारा अलग-अलग संदेश के साथ सेल्फी ली गयी ।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं और बच्चों तथा किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य जाँच किया गया तथा उम्मीद परियोजना द्वारा मनोरंजक फोक मीडिया जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। आईसीडीएस विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली देकर गोदभराई तथा छह माह के होने वाले बच्चे को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया गया। अतिथियों ने वृक्षारोपण करके पर्यावरण हेतु विशेष संदेश प्रसारित किया।कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एनएचएम इन्तिजार अहमद सिद्दीकी, डी.सी.पी.एम., आई.सी.डी.एस विभाग, एन.आर.एल.एम. से स्वयं सहायता समूह तथा विभिन्न अधिकारियों तथा पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया जिला सलाहकार उन्नाव कपिल श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अंर्तगत एक गाँव मे विवाहित महिला ने संदिग्ध अवस्था मे छत के पंखे से साड़ी के सहारे लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है ।थाना क्षेत्र के तखतखेड़ा निवासिनी संतोषी पत्नी संजय उम्र लगभग 30 वर्ष ने गुरुवार देर शाम को घर के कमरे की छत पर लगे पंखे से साड़ी के सहारे लटककर जान दे दी।उस समय उसके ससुर पुत्तन खेत गए थे जबकि सास जगराना भैसों को लेकर चराने के लिए गयी थी।सास जगराना ने बताया घर मे मेरी बहू व उसके बच्चे ही थे।इसी बीच उसने आत्महत्या कर ली। हमे जब सूचना मिली भागते भागते घर आये उस समय संतोषी की बहन मिथिलेश निवासिनी चैलाहा लाला खेडा जिला रायबरेली उसके पास थी ।हो सकता है कि बहू ने अपनी बहन को फोन करके बुला लिया हो।सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुँच गए थे। मायके पक्ष के लोगो का कहना है मेरी बेटी को मारकर लटकाया गया ।सास का कहना है बहू का मोबाइल फोन व सारा जेवर के साथ बच्चे भी उसकी बहन मिथिलेश लेकर चली गयी। म्रतक के एक लड़की उम्र 05 वर्ष व दो लड़के रौनक उम्र 03 वर्ष एवं हर्षित उम्र 01 वर्ष है। म्रतक का पति पूना में रहकर परिवार का पालन पोषण करने हेतु जीवन यापन कर रहा है। सूचना पर पहुँची नायब तहसीलदार स्नेहा यादव ने पंचनामा करवा शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया है। प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश पांडेय ने बताया अभी किसी पक्ष से तहरीर प्राप्त नही हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर उपरांत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# तेजी से बढ़ रहा है गंगा का जल स्तर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पहाड़ों पर भारी बारिश के चलते पश्चिम के बांधों से पानी छोड़ा गया है। बीते बुधवार भोर पहर से ही गंगा के जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी देखी गई, घाट के किनारे पंडों के तख्त डूब गये, वहीं चंपापुरवा बस्ती के सामने जलस्तर बढ़ते ही कटान तेज हो गई है।शुक्रवार सुबह तक जलस्तर में बढोतरी होती रही।डीएम के निर्देश पर राजस्व कर्मी ने मौके का मुआयना किया है। गुरुवार सुबह गंगा का जलस्तर 107.440 मीटर था, अचानक तेजी से जलस्तर में बढ़ोत्तरी हुई। दोपहर बारह बजे 108.400 मीटर पहुंच गया। शाम चार बजे से 108.580 पहुंच गया। शुक्रवार तक दस घंटे से अधिक समय में एक मीटर 14 सेंटीमीटर गंगा का जलस्तर बढ़ा है।केन्द्रीय जल आयोग की माने तो पश्चिम के बांधों में पानी काफी आ गया है। जिससे पानी छोड़े जाने के कारण जलस्तर में बढ़ोत्तरी हुई है। अब इसी तरह कभी कम, कभी ज्यादा गंगा में जलस्तर घटता बढ़ता रहेगा। वहीं जलस्तर बढ़ने की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी चंपापुरवा पहुंचे।जहां काफी दूर तक हो रही कटान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कटान और जलस्तर बढ़ने की रिपोर्ट तहसीलदार, एसडीएम और डीएम को सौपेंगे, लेखपाल ने कहा कि बस्ती के सामने कटान काफी तेज हो गया है, इसलिये उनका प्रयास होगा कि सिंचाई विभाग को पत्र भेजकर कटान रोकने का काम किया जाएगा।जिओ बैग डालकर कटान रोकने का प्रयास, बैग ही फट गए

रविदास नगर बस्ती के सामने पिछले पांच साल से लगातार कटान हो रही है। सिंचाई विभाग बांस बल्लियों को लगाकर जीओ ट्यूब बैग समेत आदि वस्तुओं को लगाकर कटान रोकने का प्रयास करता रहा लेकिन सफलता नही मिली। आलम यह है कि एक करोड़ से ज्यादा रुपये भी खर्च हो चुके है।

# बच्चो को कमरे में बन्दकर पति ने पत्नी की गला दबाकर की हत्या

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना में बीती देर रात एक पति ने अपने दो बच्चों को कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद बरामदे में गला दबाकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। रात को ही घर छोड़कर फरार हो गया। सुबह पड़ोसियों ने बच्चों का शोर सुना तो उन्हें कमरे से बाहर निकाला मोहल्ला तोपखाना निवासी अब्दुल खालिक ने अपनी पुत्री हिना की शादी 10 साल पहले मौरावां थाना क्षेत्र के गांव पारा निवासी मुन्ना के पुत्र आसिफ से की थी। दोनों के एक बेटा आकिब (3) और बेटी शिफा (7) है। बीती देर रात पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद होने लगा तो दोनों बच्चे जाग गए। मोहल्ले के लोगों की माने तो आसिफ मुंबई में काम करता है। वो पत्नी और बच्चों का खर्चा नहीं उठाता था। जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया था। 2 साल पहले वह मायके आ गई थी और अपने घर के पास ही किराए का कमरा लेकर बच्चों के साथ रहती थी।पुलिस ने रजामंदी से कराया था अलगावपत्नी ने 2 दिन पहले पुलिस को शिकायती पत्र दिया था जिसमें आपसी रजामंदी से 4 जुलाई को दोनों के बीच अलग रहने का फैसला हुआ था। नोटरी स्टांप पेपर पर आपसी रजामंदी से संबंध विच्छेद की बात भी लिखी गई थी।बहाने से एक रात पत्नी के घर रुका फैसला कराने के बाद आसिफ ने एक रात बच्चों के साथ रहने की बात कही तो पुलिस ने रातभर पत्नी के ही मकान में रुकने की बात कहकर रुकवा दिया। हत्या का प्लानिंग से अंजान पत्नी ने भी आसिफ को अपने मकान में रोक लिया। देर रात पति पत्नी में फिर विवाद हुआ।रात करीब 1 बजे आसिफ ने दोनों बच्चों को कमरे में बंद कर दिया और बरामदे में खिड़की के सामने पत्नी को पीटने लगा। चीख सुनकर बच्चे जाग गए और खिड़की से देखा तो आसिफ पत्नी को पीट रहा था।ये देखकर बच्चे मम्मी को छोड़ने की गुहार लगाने लगे लेकिन आसिफ ने हिना को नहीं छोड़ा।मारपीट करने के बाद उसके ही दुपट्टे से गला घोटकर उसकी हत्या कर दी और बच्चों को बंद कमरे में छोड़कर फरार हो गया। सुबह पड़ोसी को देख बच्चों ने शोर मचाया तो पड़ोसी अमद आया जिसपर अमद अंदर आया तो देखा कि बरामदे में हिना की लाश पड़ी है।इसके बाद उसने दरवाजा खोलकर दोनों बच्चों को बाहर निकाला।पास में ही रह रहे मृतका के माता-पिता को घटना की जानकारी दी। तब जाकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की मदद से जांच पड़ताल की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया वही आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी

# हाथरस हादसे में मृतक महिला के पति को एसडीएम ने दी सहायता राशि

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।हाथरस हादसे में मौत के मुंह मे समायी बक्सर निवासी रूबी देवी के पति राजन को उपजिलाधिकारी बीघापुर ने घर पहुँच कर सहायता राशि सौंपी।हाथरस के गांव फुलरई में भोले बाबा के सत्संग में उन्नाव के बक्सर की रूबी देवी अपने बेटे श्रेयांश के साथ शामिल होने गई थी। भगदड़ के कारण रूबी देवी की मौत हो गयी थी, जबकि उसका बेटे को 12 घंटे बाद खोज निकाला गया था।हादसे की खबर सोशल मीडिया के माध्यम से परिजनों को होने हाथरस जाकर रूबी देवी का शव बक्सर गाँव लाया गया था जहाँ तहसील के आला अधिकारियों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया था। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी पीड़ित के घर पहुँचे व मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से ?2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रमाण पत्र के साथ मृतका रूबी के पति राजन पुत्र राजाराम को हस्तांतरित किया।

# दो सगी नाबालिक बहने हुई लापता, पिता ने पुलिस को दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के गंगा कटरी स्थित एक गांव से दो नाबालिग सगी बहन लापता हो गई। पिता सियाराम यादव की सूचना पर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने गांव के दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की है।किशोरियों के लापता होने पर गांव में हड़कंप मच गई। चर्चा है कि बिहार प्रांत के एक युवक का पड़ोस में आना जाना रहा है। 27 जून को वह यहां आया था। गांव के ही एक परिवार की संलिप्तता का आरोप है। योजनाबद्ध तरीके से किशोरियों को बहला कर अपहत कर ले गया है। इसी प्रकार कई साल पहले भी गांव की एक युवती की रास्ते में हत्या कर शव फेंक दिया गया था। जिसको लेकर परिजन परेशान है। सगी बहनों के लापता होने पर घर में चूल्हा तक नहीं जल सका है। थाना प्रभारी संजीव कुशवाहा ने बताया कि मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर उनका पता लगाया जा रहा है। तीन युवकों के खिलाफ किशोरी का अपहरण का केस दर्ज आसीवन पुलिस ने पिता की तहरीर पर तैंतालीस दिन बाद तीन युवकों के खिलाफ किशोरी के अपहरण बाद तीन युवकों के खिलाफ किशोरी के अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसीवन थाना क्षेत्र निवासी ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 21 मई की रात छत पर सो रही उसकी नाबालिग बेटी को पड़ोसी दीपू अपने साथ लेकर चला गया। पत्नी ने रात में बिस्तर खाली देख खोजबीन की, तब दीपू भी गायब था।एक घंटे बाद वह पीछे के रास्ते अपने घर पहुंचा तो उससे बेटी के बारे में पूछा गया तो उसने इनकार कर दिया। पुलिस सूचना दी गई। पुलिस ने उसे चौकी पर बिठा लिया। दूसरे दिन रिंकू व महेंद्र किशोरी को लेकर चौकी पहुंचे, जहां पुलिस ने केस दर्ज करने के बजाए समझाकर चलता कर दिया।पीड़ित लगातार न्याय की गुहार लगाता रहा मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। तब एसपी के आदेश पर पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ किशोरी के अपहरण का केस दर्ज कर किया गया। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

# क्षेत्राधिकारी व थानेदारों के साथ एसपी ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। एसपी ने बीती देर रात जिले के सभी थानेदार, सीओ ओर शाखाओं में तैनात प्रभारियों के साथ बढ़ते अपराध को लेकर बैठक की। बैठक में थाना क्षेत्र के हिसाब से अपराध की जानकारी हासिल की। एसपी ने कहा वांछितों की गिरफ्तारी, 14 ए के तहत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, पीड़ितों की थाने पर सुनवाई नहीं हुई तो कार्रवाई होगी।

मीटिंग के दौरान अन्य थानेदारों को सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने के साथ ही ग्रामीण इलाकों में लोगों से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही गैंगस्टर एक्ट चोरी लूट, नकबजनी की घटनाओं को रोकने का सख्त निर्देश दिए हैं। ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस लाइन सभागार में बीती रात पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने जनपद के सभी थानेदारों और सर्किल के सीओ के साथ ही शाखाओं में तैनात प्रभारियों के साथ नौंवी बार मीटिंग साथ बढ़ते अपराध को लेकर क्राइम मीटिंग की है। मीटिंग के दौरान उन्होंने सभी थानेदारों को निर्देश दिए हैं कि बीट के सिपाहियों से लेकर थाने के प्रभारी सोशल मीडिया पर एक्टिव हो रहेंगे।शासन की मंशा के अनुसार ही करना पड़ेगा काम किस थाना क्षेत्र में किस तरह का अपराध है, इसकी गहनता से जानकारी हासिल की। प्रभारियों को निर्देश दिए कि अब कार्य करने का तरीका बदल लें, यदि पीड़ितों की सुनवाई न हुई और मुझ तक शिकायत पहुंची तो कड़ी कार्रवाई करूंगा। शासन की मंशा के अनुसार ही काम करना पड़ेगा।

तीन साल के आंकड़ों पर बैठक, देखा थानावार अपराध उन्नाव में पिछले तीन साल में हुई घटनाओं को लेकर बिंदुवार समीक्षा की, जिसमें चोरी, लूट, नकबजनी, चेन स्नेचिंग, महिला सम्बंधित अपराध और हसनगंज, बांगरमऊ, सफीपुर सर्किल क्षेत्र में हत्या की घटनाओं पर फोकस किया। बैठक में एसपी ने कहा सभी जिम्मेदार सुनिश्चित करें अवैध शराब, अवैध शस्त्र, जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ अवैध कार्यों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करेंगे।समय से न्यायालय में दाखिल करे चार्टशीट बैठक में कहा कि केस डायरी, बेल, कमेंट समय से न्यायालय में दाखिल करें। आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करें, इसके साथ ही अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करेंगे। चोरी लूट वाहन चोरी नकबजनी जैसी घटनाएं बढ़ी है उनको रोके और बीट स्तर के सिपाहियों की जिम्मेदारी तय होगी।

# हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्रवार को अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालु परियर गंगातट, शुक्लागंज के घाटों पर आस्था की डुबकी लगाकर पूजा अर्चना की। इसी तरह नानामऊ घाट पर भी स्नान किया गया। बक्सर घाट में भी स्नान के लिए लोगों की भीड़ रही।उन्नाव के चलकवंशी के पास स्थित परियर ब्रह्मावर्त गंगा तट पर श्रद्धालुओं ने ब्रम्हमुहूर्त से ही गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की और मौके पर मौजूद तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। वापस लौटते समय रास्ते में पड़ने वाले बाबा बलखण्डेश्वर महादेव मंदिर व जानकी कुंड आश्रम में मंदिरों में जलाभिषेक कर परिवार की मंगल कामना की।श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की लगाई डुबकीशुक्लागंज में भी आज अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान कर श्रद्धालुओं ने दूध, घृत, शहद, अक्षत, रोली, चंदन, पुष्प, सुगंध, धूप, दीप व नैवेद्य आदि समर्पित कर पतित-पावनी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया व उनसे सुख और समृद्धि की कामना की।मिश्रा कालोनी घाट, गंगा बिशुन घाट, शिव बाबा घाट, आनंद घाट, पुल के नीचे बने घाट व चंदन घाट पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भोर पहर से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान प्रारंभ कर दिया था। श्रद्धालुओं ने गंगा के घाटों व तटों पर भगवान सत्य नारायन की कथा सुनी व प्रसाद बांटा। आचार्य सृजध्वज ने बताया कि अमावस्या पर गंगा स्नान का बड़ा महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करने व दान करने से कोटि-कोटि जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं।स्नान के बाद लोगों ने खरीदारी की महिलाओं व युवतियों ने घाट किनारे सजी दुकानों में खरीदारी की इसके बाद दुकानों में घूम-घूम कर खाने का लुत्फ उठाया। चिमटी, बिंदी की सजी दुकानों में महिलाओं व युवतियों ने एक से एक आइटम खरीदे। इस दौरान दुकानदारों ने हर माल के मनमाफिक पैसे वसूले।

# चचेरे मामा ने 9 वर्षीय मासूम को पानी भरे गड्ढे डुबोकर की हत्या

अमन लेखनी समाचार



नवाबगंज, उन्नाव। थाना सोहरामऊ क्षेत्र के एक गांव में चचेरे मामा ने 9 साल के बच्चे की गड्ढे में डुबोकर हत्या कर दी। बच्चा अपनी ननिहाल में चचेरी मौसी की शादी में आया था। पिता की तहरीर पर पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशाखेड़ा मजरा मदारी गढ़ी गांव के रहने वाले मोनू लोधी अपनी पत्नी जानकी और बच्चे अनुसुइया (15), अंशु (12) और आशीष (9) के साथ 2 जुलाई को अपनी ससुराल आए थे। चचेरी साली गीता की शादी में शामिल होने आया था असोहा थाना क्षेत्र के राधा नगरी गांव में शामिल होने आया था। शादी 3 जुलाई की थी। बारात विदा हो जाने के बाद मोनू अपने परिवार साहित ससुराल में ही रुक गया था। उसका नौ साल का बेटा आशीष घर के बाहर ही खेल रहा था। उसके बाद वह नजर नहीं आया। काफी देर जब वह नहीं आया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। लोगों ने बताया कि अभी वह अपने चचेरे मामा सूरज के साथ घूम रहा था। खोजबीन के दौरान गांव से लगभग 3 मीटर दूर सन्तोष तेली के खेत के पास बने गड्ढे में आशीष का शव पड़ा मिला। शव मिलते ही हड़कम्प मच गया। शराब का लती है आरोपी घटना को लेकर परिजनों के होश उड़ गए। सूरज की खोजबीन की गई तो वह अत्यधिक नशे में था और भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन परिजनों ने सूरज को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों की मानें तो सूरज शराब का लती है और दिन भर शराब पीता रहता है। घटना वाले दिन भी शराब पीए हुए था और अपने चाचा कल्लू लोध से दिन में कई बार झगड़ा किया था और देर शाम यह घटना हो गई। थाना प्रभारी विष्णु कांत गोयल ने बताया कि पिता मोनू की तहरीर पर केस दर्ज करके आरोपी को जेल भेजा गया है।

# रेलवे ट्रैक पर बने अंडर पास में भरा बरसात का पानी

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बरसात के मौसम में हुई बारिश से रेलवे ट्रैक पर बनाए गए अंडर पास में भरे बरसात के पानी से राहगीरों को समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में कानपुर सेंट्रल से बालामऊ जक्सन के लिए गुजरे रेलवे ट्रैक पर क्षेत्र में कई स्थानों पर रेल मार्ग पर अंडर पास बना दिए गए हैं। क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लोगो को अंडर पास से गुजर कर अपने गंतव्य तक जाना होता है। पिछले तीन दिनों से शुरू हुई बरसात से रेलवे ट्रैक के अंडर पास ब्रिज बरसाती पानी से भरे हैं। क्षेत्र के हुलासी कुंआ गौरिया मार्ग तक पहुंचने के अधिकांस राहगीर कालीमिट्टी से मिट्ठू खेड़ा होते हुए कस्बा ऊगू के बाय पास से ही गुजरते हैं। यह रेलवे अंडर पास क्षेत्र के मिट्ठू खेड़ा गांव के निकट है। इस अंडर ब्रिज से गुजरने वाले राहगीरों को तमाम समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इसी तरह फतेहपुर चौरासी रेलवे हाल्ट के पास बना अंडर पास, मौहाई गांव के पास, जेसरा मारुखपुर गांव के निमार्णाधीन अंडर पास राहगीरों के लिए मुश्किलें बढ़ा रहें हैं। क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा विभिन्न माध्यमों से गुहार लगाई गई कि इन रेलवे ट्रैक अंडर ब्रिजों पर टीन छा दी जाए, परंतु सम्बंधित विभाग द्वारा इस पर किसी प्रकार की तवज्जो नहीं दी गई है। अगर रेलवे ट्रैक के मार्ग ब्रिजो की यही स्थिति रही तो जल भराव किसी भारी अनहोनी को भी अंजाम दे सकता है।

# अमरनाथ जा रहा है भक्तों का जत्था रवाना




अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। अमरनाथ जा रहे हैं शिव भक्तों को रेलवे स्टेशन पर क्राइम ब्यूरो शाय्म पाल सिंह सभी भक्तों को रोली का टीका और अंग वस्त्र पहन कर स्वागत किया अमरनाथ जा रहे हैं शिव भक्तों के जाथे में पुरवा, मिर्री कला, धौरहरा, उन्नाव सहित आधा दर्जन ग्राम पंचायत से करीब 45 से अधिक बाबा बफार्नी के भक्त शामिल है और रेलवे स्टेशन पर खूब गुंजा बाबा बफार्नी के जयकारे भूखे को आन प्यासे को पानी जय हो बाबा बफार्नी दिलीप, राहुल, जयप्रकाश, अभिषेक त्रिपाठी, सौरभ, विनोद, संदीप, जितेंद्र, श्याम बाबू, नीलकमल, पंकज, अजय, मयंक, रामविलास, शिवम, आदि लोग।

## सम्पादकीय

# भाजपा और संघ पर हिंसा फैलाने के आरोप निराधार

हिंदू और हिंदुत्व को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में सत्ताधारी भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर जो भी आरोप लगाए, वह असंसदीय है, विद्वेषपूर्ण है और अमर्यादित है। राहुल बेशक कह रहे हों कि 'हिंदू हिंसक नहीं हो सकता, लेकिन भाजपा व आरएसएस के लोग देश में हिंसा फैलाते हैं, नफरत फैलाते हैं', तो ये निराधार आरोप हैं। संघ 1925 से देश में है, कभी भी संघ के चलते कहीं हिंसा नहीं फैली, उल्टे हिंसा फैलने पर, पीड़ितों के कल्याण के लिए काम किया। संघ देश में हिंदुओं को जोड़ने का काम कर रहा है, सनातन संस्कृति का संवर्धन कर रहा है, भारत की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा कर रहा है, अखंड भारत का सपना देख रहा है, भारतीयता को सिंचित कर रहा है। कांग्रेस करीब पांच दशक तक सत्ता में रही, कभी भी कांग्रेस सरकार ने संघ के लिए हिंसा फैलाने जैसा आरोप नहीं लगाया और न ही इसको लेकर कभी कोई कार्रवाई की। यही बात जनसंघ और भाजपा को लेकर भी है। भाजपा देश में राष्ट्रीय एकता व अखंडता, संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता, समावेशी मानवता का हिंदुत्व विचारधारा, सबको साथ लेकर चलने वाली दृष्टि के साथ काम कर रही है। करीब 16 वर्ष से अधिक समय तक भाजपा नीत सरकार देश में रही है, कभी भी भाजपा शासन पर हिंसा करने, कराने के आरोप नहीं लगे, इसके बावजूद राहुल गांधी भाजपा व संघ पर हिंसा फैलाने का आरोप मढ़े, तो यह तथ्यों को नकारना है। राहुल गांधी संघ, भाजपा व मोदी पर नफरत फैलाने का आरोप लगाते हैं, पर असल में उनके संबोधन, भाषण व वक्तव्य मोदी, भाजपा व संघ के प्रति नफरत का भाव से भरे रहते हैं। वे हार की हताशा व राजनीतिक आवेश में पता नहीं कितनी बार संघ व मोदी के प्रति नफरत के भाव को व्यक्त कर चुके हैं। राहुल गांधी अगर राजनीति भी कर रहे हों, तो यह अच्छी राजनीति भी नहीं है। विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल को राष्ट्रपति के अभिभाषण की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन अभिभाषण में कही गई बातों के दायरे में ही है, विषयान्तर होकर मोदी, भाजपा व संघ पर बरसना भड़ास निकालने जैसा है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपने धन्यवाद संबोधन में कांग्रेस के कामकाज, कांग्रेस का अतीत, राहुल गांधी के राजनीतिक आरोप का बखूबी जवाब दिया है, लेकिन भाजपा नीत राजग सरकार को अनुत्पाद मसलों में उलझने के बजाय अपने कामकाज पर फोकस करना चाहिए। राहुल गांधी को बताना चाहिए कि राजस्थान में टेलर कन्हैया लाल का सरेदिन सिर किसने कलम किया, कश्मीर में दहशतगर्द कौन हैं, जिसका सामना कांग्रेस सरकार को भी करनी पड़ी, आतंकी संगठन हमास के पक्ष में देश में जुलूस कौन निकाल रहा है, मुंबई में ताज पर हमले करने वाले कौन लोग थे, देश में अनगिनत आतंकी हमले में लिप्त कौन लोग थे, ग्यारहवीं शताब्दी में भारत में लुटेरे कौन आए थे, उन विदेशी लुटेरों ने हिंसा किसके साथ की? भारत में मंदिर, बौद्ध स्तूप किसने तोड़े, मुस्लिम शासकों ने अत्याचार किसके खिलाफ किया? ऐसे हजारों अनगिनत प्रश्न हैं, जिनमें हिंदू ही पीड़ित हैं। राहुल गांधी के नैरेटिव तुष्टिकरण बढ़ाने वाले हैं। भाजपा-संघ से राहुल के वैचारिक, राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हिंसा व नफरत फैलाने के आरोप विपक्ष के नेता पद की गरिमा के विरुद्ध है। हाल के दशकों में नेताओं की भाषा का स्तर गिरा है, दलों के बीच वैचारिक मतभेद के बजाय मनभेद बढ़े हैं, सत्ताधारी व विपक्षी दलों के नेताओं के बीच आपसी सम्मान कम हुआ है, यह स्थिति बदलनी चाहिए।



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

# राहुल की नई भूमिका चुनौतीपूर्ण

> राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष बनकर एक बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका स्वीकार की है। राहुल गांधी वैसी सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति की पहल करेंगे या नहीं, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन अब उन्हें संसद में अपनी ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी तार्किक राय भी रखनी होगी। राष्ट्रीय महत्व के संवेदनशील विषयों पर सरकार के साथ भी खड़ा होना होगा। निश्चय ही अभी तक की छवि और अनुभव के मद्देनजर राहुल गांधी के लिए यह नई संसदीय भूमिका बेहद चुनौती पूर्ण साबित होने वाली है। उन्हें कांग्रेस को मजबूत बनाने और अन्य विपक्षी दलों से बेहतर तालमेल की चुनौती से भी रूबरू होना होगा।

नेता प्रतिपक्ष बनकर राहुल गांधी ने अपने राजनीतिक सफर के एक नये चरण की ओर कदम बढ़ा दिए हैं, जो शायद उनके और कांग्रेस के लिए निर्णायक साबित होगा। नेहरू परिवार का राजनीतिक वारिस बनकर लोकसभा सांसद और फिर कांग्रेस अध्यक्ष बनना उनके राजनीतिक सफर का पहला चरण था। भारत जोड़ो यात्राओं के जरिये देशभर में संपर्क और संवाद से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा फूंक कर पार्टी समेत विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के 2024 के लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन में योगदान दूसरा चरण रहा। तमाम कोशिशों के बावजूद फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए राजी न होने वाले राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष बनकर एक बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका अपने लिए स्वीकार कर ली है। इन चुनावों में कांग्रेस 52 से बढ़ कर 99 लोकसभा सीटों तक पहुंच गई तो 'इंडिया' गठबंधन 234 तक। पिछले दो लोकसभा चुनावों के मुकाबले इस बार विपक्ष का चुनावी प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा, इसलिए पिछली दो लोकसभाओं में अकेले दम बहुमत हासिल कर लेने वाली भाजपा इस बार बहुमत के आंकड़े से भी 32 सीटें कम रह गई और नरेंद्र मोदी सरकार के अनेक मंत्री भी चुनाव हार गए। बेशक भाजपा की अगुवाई वाले राजग को बहुमत मिल गया और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए। नई सरकार राजग की है, लेकिन केंद्रीय मंत्रिमंडल गठन से लेकर लोकसभा स्पीकर चुनाव तक हर कदम से मोदी ने संदेश यही दिया है कि वह अब भी पहले जितने ही मजबूत हैं। डिप्टी स्पीकर पद के लिए भी वह विपक्ष के दबाव में आते नहीं दिखते।

शायद यह नरेंद्र मोदी की राजनीतिक शैली भी है कि वह कमजोर दिखते हुए कोई काम नहीं करते, लेकिन उससे यह हकीकत नहीं बदल जाती कि इस बार मजबूत विपक्ष को नजरअंदाज कर पाना आसान नहीं होगा। नव निर्वाचित लोकसभा के पहले सत्र के दौरान यह एहसास कराने का कोई मौका विपक्ष चूक भी नहीं रहा। दोनों के बीच जैसे रिश्ते रहे हैं, राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष बनना भी मोदी के लिए सुखद नहीं कहा जा सकता। एक टीवी इंटरव्यू में 'कौन राहुल' कह कर कटाक्ष करने वाले मोदी को उन्हीं राहुल से हाथ मिलाना पड़ा, जब नव निर्वाचित स्पीकर ओम बिड़ला को उनके आसन तक ले जा रहे थे। अब तो ऐसे मौके बार-बार आएंगे, जब प्रधानमंत्री को नेता प्रतिपक्ष से मिलना पड़ेगा और उनकी बात भी सुननी पड़ेगी। संसदीय लोकतंत्र का यही तकाजा है और उसकी ताकत भी। 2004 में पहली बार लोकसभा सांसद बने राहुल बीस साल बाद 2024 में पहली बार कोई संवैधानिक पद स्वीकारने को तैयार हुए। 2004 से 2014 के बीच उन्हें मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार में मंत्री बनाने की कोशिश की गई, पर वह नहीं माने। नेता प्रतिपक्ष बनना राहुल गांधी की विपक्ष में बढ़ती स्वीकार्यता का प्रमाण भी है। खुद कांग्रेस में जी-23 जैसे गुट जिनके नेतृत्व पर सवाल उठाते थे, उन्हें 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक दलों ने नेता प्रतिपक्ष के लिए चुना, पर नेता प्रतिपक्ष बन जाने से राहुल गांधी के एक नये, मगर बेहद चुनौतीपूर्ण



राजनीतिक सफर की शुरुआत होगी, जिसे उनकी 'अग्नि परीक्षा' भी कह सकते हैं। उन्होंने जिस तरीके से 18वीं लोकसभा के पहले व छोटे सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान पीएम मोदी, भाजपा व संघ पर हिसा व नफरत फैलाने का आरोप लगाया है, वह उनके पद के अनुरूप नहीं है।

लोग मानते हैं कि भारत जोड़ो यात्राओं से राहुल गांधी की समझ और छवि, दोनों सुधरी हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें बेहद जिम्मेदार और जवाबदेह राजनेता की कसौटी पर खरा उतरना होगा। अपनी यात्राओं से लेकर 18वीं लोकसभा में शपथ ग्रहण के समय भी जींस और टी शर्ट में नजर आने वाले राहुल नेता प्रतिपक्ष बनते ही कुर्ता-पायजामा में दिखे, लेकिन सिर्फ परिधान बदलने से बात नहीं बनेगी। बेशक नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनसे सरकार की गलतियों की आलोचना अपेक्षित है, लेकिन भाषा-शैली में शालीनता की दरकार होगी, जिसकी राहुल को बहुत जरूरत है और जो हाल के सालों में हमारी राजनीति से तेजी से नदारद होती गई है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद परस्पर सम्मान और मर्यादा पालन दोनों ही पक्षों से अपेक्षित रहेगा। संसद व बाहर भाषा की गरिमा बनी रहे।

राहुल की बात करें तो अब उनकी टिप्पणी को विपक्षी दल के सांसद नहीं, बल्कि नेता प्रतिपक्ष की राय माना जाएगा, जिसका संसदीय प्रोटोकॉल में महत्वपूर्ण स्थान है। ब्रिटेन समेत कुछ देशों में नेता प्रतिपक्ष को 'शेडो पीएम' की तरह देखा जाता है और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी 'शेडो केबिनेट' भी बनाए, जो तमाम विभागों के कामकाज पर नजर रखते हुए अपनी वैकल्पिक सोच जनता के समक्ष पेश करे।

राहुल गांधी वैसी सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति की पहल करेंगे या नहीं, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन अब उन्हें संसद में अपनी ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी तार्किक राय भी रखनी होगी। राष्ट्रीय महत्व के संवेदनशील विषयों पर सरकार के साथ भी खड़ा होना होगा। निश्चय ही अभी तक की छवि और अनुभव के मद्देनजर राहुल गांधी के लिए यह नई संसदीय भूमिका बेहद चुनौती पूर्ण साबित होने वाली है। राहुल गांधी इन चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, इस पर ही उनकी राजनीतिक सफलता निर्भर करेगी।

इसके साथ ही उन्हें कांग्रेस को मजबूत बनाने और अन्य विपक्षी दलों से बेहतर तालमेल की चुनौती से भी रूबरू होना होगा। स्पीकर चुनाव के लिए कांग्रेस के दलित सांसद के. सुरेश को 'इंडिया' का उम्मीदवार घोषित करते समय तृणमूल कांग्रेस से सलाह न करने जैसी घटनाएं आपसी तालमेल पर सवाल उठाती हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के बाद उत्तर प्रदेश में भाजपा को बड़ा झटका देते हुए विपक्ष उसे बहुमत से वंचित रखने में सफल रहा। राजस्थान में भी विपक्ष, भाजपा से 25 में से 11 लोकसभा सीटें छीनने में सफल रहा। पंजाब और हरियाणा में भी विपक्ष का प्रदर्शन संतोषजनक रहा, लेकिन शेष हिंदी बेल्ट में भाजपा के मुकाबले वह कहीं नहीं ठहरता। सबसे ज्यादा लोकसभा सांसद चुनने वाली हिंदी बेल्ट में कांग्रेस और सहयोगी दलों के मजबूत हुए बिना केंद्रीय सत्ता से भाजपा की विदाई की बात सोचना भी दिन में सपने देखने जैसा है।

सबसे मुश्किल यह है कि उत्तर भारत में मजबूती की कवायद में कांग्रेस और मित्र दलों में आपस में दलगत हितों के टकराव की भी आशंका है। लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में बढ़ती दूरियां भी इसी बात का संकेत हैं। इतने सारे मोर्चों पर सक्रिय रहते हुए राहुल गांधी को 'इंडिया' गठबंधन के विस्तार की संभावनाएं भी टटोलनी होंगी, क्योंकि इस अग्निपरीक्षा में उनका पास होने पर ही आगामी चुनावों में विपक्ष का चुनावी प्रदर्शन निर्भर करेगा।

नए कानून
प्रमोद भार्गव



# दंड नहीं, न्याय का विधान

वर्ष 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से आहत होकर अंग्रेजों ने स्वतंत्रता सेनानियों और उनके मददगारों को दंड देने की दृष्टि से अनेक औपनिवेशिक कानून लागू किए थे। इनमें प्रमुख रूप से अंग्रेजी राज का पर्याय बने तीन मूलभूत कानूनों में आमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। इन कानूनों के शीर्षक में ही 'दंड' की प्रधानता है। दंड के मनोविज्ञान से ही निर्दोश भयभीत हो जाया करते हैं। इस भय से मुक्ति का प्रावधान करने की दृष्टि से 'न्याय' शब्द का प्रयोग कानून किया गया है। इन कानूनों के लागू होने के साथ दुनिया में सबसे अधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी। भारत में न्याय की अवधारणा बहुत पुरानी है और ये कानून उसी अवधारणा पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना भी था। कानून संबंधी पारित विधेयक उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुष्कर्म और मॉब लिंचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया जा रहा है। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) कहा जाएगा। 164 साल पुरानी आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जो बीएनएस-2023 में 358 रह जाएंगी। इसमें 21 नए अपराध जुड़े हैं और 41 धाराओं में सजा बढ़ाई गई है। पहली बार छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा जोड़ी गई है। 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) कहा जाएगा। इसमें 47 नई धाराओं के साथ अब कुल 531 धाराएं होंगी। पहले धारा 154 में होने वाली प्राथमिकी नए कानून के तहत धारा-173 में दर्ज की जाएगी। अब पुराने कानून दंड प्रक्रिया संहिता में से 'दंड को हटाकर नागरिक सुरक्षा पर जोर दिया गया है, 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। पुराने कानून में 167 धाराएं थीं, जो अब 170 रह गई हैं। इस कानून को तकनीक और फॉरेंसिक आधार पर तैयार किया गया है। ताकि सजा का प्रतिशत 90 तक पहुंच जाए। बढ़ते साइबर अपराधों के संदर्भ में इस कानून की अहम भूमिका जताई जा रही है। नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। मॉब लीचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है। इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है। नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के आरोप में 20 साल का कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। सबसे बड़ा परिवर्तन 1860 में अस्तित्व में आए औपनिवेशिक कानून 'राजद्रोह' में किया गया है। राजद्रोह कानून से 'राजद्रोह' शब्द विलोपित करके 'देशद्रोह' किया है। क्योंकि अब देश स्वतंत्र हो चुका है। अतएव लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है। यह नागरिक का अधिकार है। इसके औचित्य पर सवाल उठते रहे थे। धारा 124-ए के अंतर्गत लिखित या मौखिक शब्दों, चिह्नों प्रत्यक्ष या अप्रत्क्ष तौर से नफरत फैलाने या असंतोष जाहिर करने पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। इस धारा के तहत दोषी पर आरोप साबित होने पर तीन साल जेल तक की सजा हो सकती है। नए कानून में पहली बार आतंकवाद की इबारत को पारिभाषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा को संकट में डालने के इरादे से कोई कृत्य करता है तो उसे नए कानून के हिसाब से सजा मिलेगी। देश के अस्तित्व को चुनौती देने वाले बाहरी या भीतरी असामाजिक तत्व कानूनी शिकंजे से बचने न पाएं. इसके प्रावधान किए गए हैं।

## क्रोध की स्थिति को शांत करने करें प्रभु का स्मरण



संकलित
दर्शन

जब अहंकार नहीं, लोभ नहीं, नफरत नहीं तो क्रोध भी नहीं होगा शांति होगी। समाज में ऐसी परिस्थितियां, ऐसे कारण हैं कि क्रोध आए बिना नहीं रहता। इसके लिए परिस्थितियां बदलनी होंगी परंतु ऐसा नहीं हो सकता। इस दुनिया के हालात नहीं बदले जा सकते। कोई सोचता है मैं दुनिया के हालात बदल दूंगा तो मूर्खतापूर्ण विचार है। समस्या सदा रहेगी। दूसरा उपाय है हम अपने आपको बदल दें। जिन कारणों से क्रोध उत्पन्न होता है उन्हें रोकें। ऐसी स्थिति क्यों पैदा हो कि हमें क्रोध करना पड़े। क्रोध क्यों आता है? एक किसी की गलती पर या अपनी हानि होने पर या आशानुसार काम न बनने पर या किसी मनुष्य को देखते ही क्रोध आ जाता है, जिसको हम पसंद नहीं करते। कुछ उपाय यहां बताते हैं। ये ठान लें आप कि धीरे ही बात करेंगे, प्रेम से ही बात करेंगे, थोड़े शब्दों में ही बात करेंगे और सोच समझ कर बोलेंगे। मीठी भाषा का प्रयोग करेंगे। क्रोध की स्थिति पैदा हो तो मन में निरंकार का सुमरिन करेंगे और निरंकार से अरदास करेंगे। हे निरंकार, इस चांडाल क्रोध को मन में न आने दें, आप हमें बचाओ। यहां सुखद वातावरण बने, प्रभु कृपा करो। आप देखेंगे वातावरण शांत हो जाएगा। आपकी बात भी सबको समझ आ जाएगी। सद्गुरु कहते हैं न मैं किसी की वेशभूषा बदलना चाहता हूं न खान-पान। मैं मनुष्य की वृत्ति बदलकर उसे सत्य के साथ जोडक़र एकत्व की भावना लाना चाहता हूं। अहंकार को दूर कर निरंकार प्रभु की भक्ति और प्रेमपूर्ण वातावरण बनाना चाहता हूं।

## आध्यात्मिक लोग जीते हैं मूल्यों पर आधारित जीवन



संकलित
प्रेरणा

आध्यात्मिक लोग मूल्यों पर आधारित जीवन जीते हैं जो कि सुशासन के लिए अति आवश्यक है। आध्यात्मिकता लोगों को ईमानदार व प्रतिबद्ध बनाती है जो कि किसी भी अपराध रहित समाज के लिए बेहद आवश्यक है। परंतु आधिकारिक संरक्षण के बिना आध्यात्मिकता का विकसित होना बहुत मुश्किल है। यदि हम अपने प्राचीन इतिहास को देखें, तो हम पाएंगे कि आध्यात्मिकता भारतीय राजनीति में बहुत गहरी जड़ों तक स्थित है। आध्यात्मिकता और राजनीति दोनों का ही मानवता व मानव के साथ गहरा संबंध है। राजनीति का उद्देश्य सुशासन लाना और भौतिक व भावानात्मक सुविधाओं को जनता तक पहुंचाना है। वहीं आध्यात्मिकता का लक्ष्य नैतिकता व मानवीय मूल्यों को बढ़ाना है। किसी भी देश की समृद्धि व विकास के लिए राजनीति व आध्यात्मिकता का एक साथ चलना अति आवश्यक है। सुशासन व अच्छे प्रजातंत्र के लिए आध्यात्मिकता का होना अनिवार्य है। केवल आध्यात्मिकता ही प्रतिबद्धता, दायित्व व आत्मविश्वास का आह्वान कर उन्हें मानव में स्थापित कर सकती है। बिना आध्यात्मिकता के राजनीति में अनैतिकता का वातावरण बनता है और इस कारण भ्रष्टाचार, अपराध व अराजकता को बढ़ावा मिलता है। भारतीय आध्यात्मिकता ने पूरे संसार को धर्मनिरपेक्षता से अवगत करवाया है। यदि हम अपने प्राचीन इतिहास को देखें, तो हम पाएंगे कि आध्यात्मिकता भारतीय राजनीति में बहुत गहरी जड़ों तक स्थित

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रील्स न बने परेशानी का कारण

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं है। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए।

*-विनय कुमार, रायपुर*

## करंट अफेयर

### चीन ने ताइवान को लेकर विनाश तक धमकाया अमेरिका को

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने आयोजित नियमित संवाददाता सम्मेलन में चीनी और अमेरिकी वरिष्ठ अधिकारियों के बीच फोन कॉल के बारे में सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि चीन ने अमेरिका से राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा किए गए वचनों को निभाने, चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों का व्यवहारिक रूप से सम्मान करने और चीन-अमेरिका संबंधों के स्थिर विकास में सकारात्मक भूमिका निभाने की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार चीनी उप विदेश मंत्री मा चाओश्यू ने 27 तारीख को अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैम्पबेल के साथ फोन पर बातचीत की और उन्होंने चीन-अमेरिका संबंधों और आम चिंता वाले मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।



## ऑफ बीट

### दूधेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित है नीलम का शिवलिंग

बिहार के औरंगाबाद जिले में देवकुंड का प्रसिद्ध दूधेश्वर महादेव मंदिर न सिर्फ औरंगाबाद, बल्कि बिहार के प्रमुख तीर्थ स्थानों में गिना जाता है। यहां नीलम पत्थर से निर्मित भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है। जो पांच हजार वर्ष से भी अधिक पुराना है। पुराणों के अनुसार कभी यहां घना जंगल हुआ करता था और यहां च्यवन ऋषि का आश्रम व सरोवर था। पुराणों में कहा गया है कि त्रेता युग में भगवान यहां आए थे और उन्होंने इस सरोवर में स्नान कर च्यवन ऋषि का आशीर्वाद लिया था। मान्यता है कि यह शिवलिंग यहां त्रेता युग से स्थापित है। कहते हैं च्यवन ऋषि के कहने पर भगवान राम ने शिवलिंग की स्थापना करके पूजा अर्चना की थी।



## ट्रेंड

### विनिर्माण क्षेत्र फल-फूल रहा

अधिक नौकरियां, अधिक अवसर और एक मजबूत अर्थव्यवस्था! विनिर्माण पीएमआई के 58.3 तक बढ़ने के साथ, हमारा विनिर्माण क्षेत्र फल-फूल रहा है और रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है। मोदी सरकार राष्ट्र की निरंतर वृद्धि और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री



### हम आज गौरवान्वित हैं

हम आज बेहद गौरवान्वित हैं। हमारा एक बेटा शिवनाथ 'रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट' बन गया! 2008 में हमने 9 साल के शिवनाथ खेतिहर मजदूरी से मुक्त कराया था। तबसे उस ने बाल आश्रम में रहकर पढ़ाई की।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता



### ऐसे विपक्ष के नेता राहुल

राहुल गांधी एक ऐसे विपक्ष के नेता हैं जिसमें लालू जैसे सजायाफ्ता, डीएमके जैसे सनातन धर्म को खत्म करने का प्रयास करने वाले लोग और सऊदी अरब में भी प्रतिबंधित इस्लामिक ब्रदरहुड सहयोगी शामिल हैं। फिर भी दिखावा करता है कि वह शिव को समझता है।

-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक



### अपने आपमें सच रहना

जब लोग कहते हैं कि आप बदल गए हैं, तो ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आपने वैसा व्यवहार करना बंद कर दिया जैसा वे चाहते थे। अपने आपमें सच रहना। आप इंसान हो या शेयर बाजार, जाना तो ऊपर ही है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति



# देश और संस्कृति का अपमान है राहुल गांधी का बयान

## मिथिलेशनंदिनी शरण बोले- लोकसभा में रिकॉर्ड से हटाने की कार्यवाही क्षम्य मान लिया यह दुर्भाग्यपूर्ण

**अमन लेखनी समाचार**

अयोध्या, सिद्ध पीठ हनुमत निवास के महंत डॉ. मिथिलेशनंदिनी शरण ने कहा है कि राहुल गांधी का बयान देश और संस्कृति का अपमान है। यही नहीं यह वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, गीता और इनसे प्रवाहित उस विराट परम्परा का अपमान है जो हिंदुत्व से व्यक्त होती है। उन्होंने कहा- महात्मा गांधी के हिंदुत्व को लेकर अनेक लेख और कथन उपलब्ध हैं। राहुल गांधी का उनसे परिचय न होना स्वाभाविक है, पर लोकसभा में घटित इस अवांछित कथन पर उचित प्रतिक्रिया का न होना



लज्जास्पद है। महात्मा गांधी ने हरिजन में लिखा है-मैं सनातनी हिन्दू होने का दावा करता हू। राहुल गांधी फॉर्म में हैं। फॉर्म में होने का अर्थ होता है निहित योग्यता का श्रेष्ठतम प्रदर्शन तो वे यही कर रहे हैं। अब देखना ये है कि उनकी योग्यता क्या है, जिसका वे श्रेष्ठतम प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा- राहुल गांधी एक्सीडेंटल हिन्दू का राजनैतिक वंशधर हैं। वह निरन्तर भ्रमित और औपनिवेशिक कुंठा का सचल उदाहरण हैं।

वे नेता सदन में खड़े होकर अपनी मनोवृत्ति का असभ्य प्रदर्शन करते हुए लोकतंत्र के मंदिर का अपमान कर रहे थे। महंत मिथिलेशंनदिनी शरण ने कहा-विश्व की प्राचीनतम संस्कृति का केन्द्र कहलाने वाला देश, सबका मंगल चाहने तथा करने वाला देश भारत, जिसका एक नाम ही हिन्दुस्तान है। उसकी जातीय अस्मिता 'हिन्दू' को अपमानित करने के कुकृत्य को संसद में देख-सुनकर भी कोई गम्भीर कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने जिसकी अपनी जन्मदात्री मां स्वयं एक हिन्दू परिधान ओढ़कर जी रही हो। जो स्वयं इसी 'हिन्दू' अभिधान के लिये अनेक पाखंड-प्रपंच रच रहा हो और जनेऊ पहनकर दिखा रहा हो। जो व्यक्ति अपने-आप को देश के सम्मुख सारस्वत ब्राह्मण बता रहा हो। वही व्यक्ति बारम्बार हिन्दू पहचान को लच्छित और तिरस्कृत करे। यह अकारण या आकस्मिक नहीं है। यह उसकी सोच में गहरे से पैठ बनाए हुए है। यह सनातन विरोधी कुंठा का प्रतिफल है।महंत मिथिलेशनंदिनी शरण ने कहा- राहुल गांधी की योग्यता इतनी ही है कि वे कि वे सनातन और भारत के विरुद्ध भावना को स्वर देते रहें।

# प्रेमी ने ही गोली मारकर की थी प्रेमिका की हत्या

❍ शादी का दबाव बनाने से नाराज था, पुलिस ने गिरफ्तार कर किया घटना का खुलासा

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जिला, अमेठी में एक सप्ताह पूर्व हुई युवती की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। घटना को अंजाम देने वाले प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रेमी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा, बाइक और जले हुए मोबाइल फोन समेत मृतका का बैंक पासबुक बरामद किया गया।प्रेमिका के शादी का दबाव बनाने से नाराज प्रेमी ने ही गोलीमार कर प्रेमिका को मारा था। मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र का है। यहां बड़गांव गांव की रहने वाली एक युवती का शव 26 जून को इसी थाना क्षेत्र के छाछा गांव के पास मिला था। पुलिस ने



शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज भाई की तहरीर पर संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोलीमार कर हत्या की पुष्टि हुई, इसके बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी। देर रात थाना प्रभारी ईश नारायण मिश्र और एसओजी प्रभारी अनूप सिंह विशेषरगंज बाजार में मौजूद थे। मुखबिर से सूचना मिली कि युवती की हत्या का मुख्य आरोपी शंकर द्विवेदी उर्फ अविनाश द्विवेदी बगिया चौराहा के पास मौजूद है, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बल प्रयोग करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी शंकर उर्फ अविनाश ने बताया कि उसका और युवती का पिछले 15 सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी के घर के सामने उसकी किराने की दुकान थी। कई साल पहले उसकी शादी हो गई, लेकिन शादी के बाद उसका पति से विवाद हो गया। इसके बाद युवती अपने मायके आकर रहने लगी। युवती द्वारा लगातार शंकर पर शादी के लिए दबाव बनाया जा रहा था।

## संक्षेप

### सुलतानपुर में करंट से 2 भाइयों की मौत

#### घर वालों ने अंतिम संस्कार से किया इंकार, बिजली अधिकारियों पर केस दर्ज होने पर माने

सुलतानपुर, सुलतानपुर में दो सगे किसान भाइयों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। परिवार की ओर बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन पुलिस हीलाहवाली बरत रही थी। इस पर परिवारिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। बुधवार को जब केस दर्ज हुआ तब जाकर शव का अंतिम संस्कार किया गया। सोनावा गांव निवासी छोटे लाल यादव (60) पुत्र कालू यादव खेत देखने के लिए मंगलवार सुबह गए थे। खेत के पास ही वो बिजली के खम्भे पर लटक रहे तार के करंट की चपेट में आ गए। उन्होंने मदद के लिए गुहार लगाई इस पर छोटा भाई रामदीन यादव व उनकी पोती अर्चना दौड़ी। रामदीन और अर्चना छोटे लाल को पकड़ते ही करंट की चपेट में आ गए। इसमें छोटे लाल व रामदीन की मौके पर मौत हो गई। अर्चना (17) झुलस गई उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपी कमैचा भिजवाया जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना को लेकर मृतक के पोते अमिल यादव ने मंगलवार को ही चांदा थाने पर तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी को बचाने में जुटी थी। इससे नाराज होकर परिजनों ने शव के अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। पुलिस के यहां हाथ पांव फूल गए। आनन-फानन में बुधवार को कोइरीपुर सब स्टेशन के अधिकारी व कर्मचारियों पर जब केस दर्ज हुआ तब शव का अंतिम संस्कार इब्राहिमपुर घाट पर किया गया। दो भाइयों की मौत की सूचना पर लोगों की भीड़ लग गई।

### रामपुर डीपीओ ने कार्यालय कर्मियों के परिजनों को दिया लाभ

#### विधायक आकाश ने डीएम को लिखा लेटर, सभी पर एफआईआर की मांग

रामपुर, रामपुर में तत्कालीन जिला प्रोबेशन अधिकारी यानी डीपीओ लवकुश भार्गव का एक और स्कैम सामने आया है। लवकुश भार्गव अब अपने ही कार्यालय में तैनात कर्मचारियों के पारिवारिक सदस्यों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने के मामले में फंसते नजर आ रहे हैं। इसको लेकर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सुबूत के साथ डीएम को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा है कि नियम विरूद्ध तरीके से लाभ देने और लेने वाले दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले ही स्पान्सरशिप योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत ऐसे बच्चों को शामिल किया जाता है, जो गरीब, असहाय, निराश्रित हों या जिसके माता-पिता दोनों में से कोई न हो। इसके अलावा अन्य शर्तें भी थीं, जिसके बाद ही लाभार्थियों का चयन होना था।

# सुलतानपुर में सरकारी जमीनों पर कब्जा

❍ विधायक के करीबियों पर निर्माण का आरोप, विधायक बोले- छवि खराब करने की कोशिश

**अमन लेखनी समाचार**

सुलतानपुर, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जेदारी का दो पकड़ कादीपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रकाश में आया है। एक स्थान पर तालाब की जमीन तो दूसरे स्थान पर बारात घर की जमीन पर कब्जा करके निर्माण हो रहा है। दोनों मामलों में क्षेत्रीय भाजपा विधायक पर संरक्षण का आरोप है। इसमें पुलिस प्रशासन चाह कर भी कार्रवाई से कतरा रहा है। पहला मामला कादीपुर के अखंडनगर थाना अंतर्गत ग्राम वनबहा सिरखिनपुर का है। यहां पर बारात घर, ऊसर और तालाब की जमीन है जिस पर गांव के गंगा प्रसाद द्वारा अवैध निर्माण कराकर आवास बनाया जा रहा है। इसकी शिकायत गांव



के हरिवंश सिंह ने एसडीएम कादीपुर से की। उन्होंने सीओ और एसओ को निर्देशित किया कि ग्राम सभा की जमीन पर अतिक्रमण हो रहा है इस पर कार्रवाई करें। बताया जा रहा है इस पर क्षेत्रीय विधायक ने थानाध्यक्ष को मौके पर नहीं जाने को कहा, जिससे कार्रवाई प्रभावित हुई है।

# अयोध्या में अग्निवीर भर्ती का समापन

❍ 13 जिलों से 80% अभ्यर्थी रैली में हुए शामिल, जल्द जारी होंगे ज्वाइनिंग लेटर

**अमन लेखनी समाचार**

अयोध्या, अयोध्या में भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली का समापन हो गया। रैली में भाग लेने वाले अभ्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित भावना और प्रतिबद्धता सराहनीय रही। यह भर्ती रैली 24 जून को डोगरा रेजिमेंटल सेंटर में शुरू हुई थी। रैली में हजारों अभ्यर्थी शामिल हुए। सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के अंतर्गत आने वाले 13 जिलों से बुलाए गए अभ्यर्थियों में लगभग 80% अभ्यर्थी इस रैली के लिए उपस्थित हुए, जो अग्निवीर बनकर राष्ट्र की सेवा करने के सभी युवाओं और अभ्यर्थियों के उत्साह को दर्शाता है।

सेना को सहायता और समर्थन प्रदान करने में स्थानीय नागरिक प्रशासन और राज्य पुलिस के सहयोगात्मक प्रयास ने रैली के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाई है। उनके सामूहिक प्रयासों ने इस रैली को सफल बनाने में योगदान दिया है और मुख्यालय भर्ती क्षेत्र लखनऊ ने नागरिक प्राधिकरण के बहुमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया है। रैली के समापन पर इस बात पर जोर दिया गया कि चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण केंद्रों के लिए आधिकारिक ज्वाइनिंग लेटर विशेष रूप से सेना भर्ती कार्यालय अमेठी द्वारा जारी किए जाएंगे। इस आधिकारिक चैनल के अतिरिक्त ज्वाइनिंग लेटर की व्यवस्था करने का दावा करने वाला भ्रामक जानकारी दे रहा है और सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के अतिरिक्त किसी भी अन्य संस्थान द्वारा जारी किया गया ज्वाइनिंग लेटर नकली होगा। सभी अभ्यर्थियों को सावधानी बरतने और ऐसे व्यक्तियों की किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करने की सलाह दी गई है।

# बांदा में दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर

❍ ट्रकों में फंसे ड्राइवर-कंडक्टर, दोनों की हालत गंभीर, 5 किमी लंबा जाम लगा

**अमन लेखनी समाचार**

बांदा, बांदा में दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसकी वजह से एक ट्रक के परखच्चे उड़ गए। एक ड्राइवर और कंडक्टर ट्रक में ही फंसे रह गए। पुलिस को जैसे ही सूचना मिली तो मौके पर पहुंची। काफी देर मशक्कत करने के बाद ड्राइवर और कंडक्टर को बाहर निकाला गया और दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पूरा मामला बांदा के तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेंदाघाट के पास का है। यहां पर दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसकी वजह से एक ट्रक का ड्राइवर और कंडक्टर दोनों फंस गए। इसके बाद आनन-फानन में पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर ट्रक ड्राइवर को



बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं, दूसरे ट्रक का क्लीनर ट्रक में फंसा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर कटर मशीन से केबिन काटकर कंडक्टर को बाहर निकाला। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक और पुलिस फोर्स के साथ जेसीबी द्वारा रेस्क्यू कराया गया।

# भैंस चोरी करने आये दो चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा

❍ पिटाई के बाद किया पुलिस के हवाले, अंधेरे का फायदा उठाकर दो फरार

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जिला, अमेठी के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के शीतल बक्श पुरवा कटरा में देर रात भैंस चोरी करने आए 4 चोरों में 2 चोरों को ग्रामीणों ने पकड़कर पिटाई के पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं दो चोर मौका पाकर भागने में सफल रहे हैं। तीन दिन पहले भी इसी गांव में ग्रामीण की भैंस को चोर असलहे के दम पर खोलकर लेकर फरार हो गए थे। एक बार फिर चोर भैंस चोरी करने आये थे, लेकिन ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गए। दरअसल, ये पूरा मामला संग्रामपुर




थाना क्षेत्र के शीतल बक्श पुरवा कटरा गांव का है। जहां देर रात करीब साढ़े 11 बजे भैंस चोर पशुपालक बाल कृष्ण यादव की भैंस चोरी करने आए थे। इस बार गांव वासी और पशुपालक बाल कृष्ण यादव तीन दिन पहले भैंस चोरी होने के बाद सर्तक थे, जैसे ही चोर भैंस को खूंटे खोलने लगे। पशुपालक ने गुहार लगाते हुए 2 भैंस चोर को धर दबोचा। वहीं 2 भैंस चोर मौका पाकर भागने में सफल रहे। चोरों को पकड़ते समय एक चोर ने भैंस मालिक बाल कृष्ण यादव पर हमला कर घायल दिया। मौके पर इकट्ठा हुए ग्रामीण की सूचना पर पहुंची संग्रामपुर पुलिस ने भैंस चोरों को पकड़कर थाने ले गई। पशुपालक किसान बाल कृष्ण यादव ने बताया कि बीते रात भैंस खोलने के लिए चोर सरिया में घुसे थे, जब मैं मौके पर गया तो चोर भागने लगे पकड़ने का प्रयास किया तो चोरों ने उनपर हमला कर दिया, जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़ित ने बताया कि बीते 29 जून की रात को अज्ञात चोरों द्वारा असलहे के दम पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी एक भैंस को चोर पिकअप लाद कर फरार हो गए थे।

# अमेठी में दो पक्षों में हुई मारपीट

## एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर चलाई गोली, एक युवक गंभीर रूप से घायल

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जिला, अमेठी के फुरसतगंज थानाक्षेत्र के तेंदुआ गांव में देर शाम दो पक्षों में कहासुनी के दौरान एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक युवक घायल हो गया। घायल की हालात नाजुक देख सीएचसी से जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सीओ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

मामला फुरसतगंज थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव का है। जहां आज शाम गांव के रहने वाले मोहम्मद नाजिम व मो0 इमरान के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा है। मंगलवार को दोनों के बीच



शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि इमरान ने नाजिम पर तंमचे से फायर कर दिया। नाजिम के घायल होने की सूचना और फायरिंग की आवाज की सुनकर ग्रामीण मौके पर दौड़े तो इमरान अपने मकान पर चढ़ गया। इस दौरान लोगों का आक्रोश देखते हुए इमरान ने दशहत फैलाने के लिए दोबारा फायरिंग की। ग्रामीणों की भीड़ बढ़ती देख छत से कूदकर भागने की कोशिश में इमरान भी घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को देते हुए घायल को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के बाद पैर में गोली लगने के कारण नाजिम को जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे तिलोई सीओ डॉ. अजय सिंह और एसएचओ धीरेंद्र यादव मामले की जांच में जुटे है। तिलोई क्षेत्राधिकारी अजय सिंह ने कहा कि अभी मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। नाजिम के पैर में गोली लगी है। हालात सामान्य है।

इमरान भी चोटिहल होने से अस्पताल में भर्ती है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर पूरे मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी। एतिहातन गांव में फोर्स तैनात की गई है।

# सुल्तानपुर में 3 महीने नहीं चली 58लाख से बनी सड़क

❍ बरसात ने खोल दी भ्रष्टाचार की पोल, सात सालों से जीर्णोद्धार

**अमन लेखनी समाचार**

सुलतानपुर, सरकार का जीरो टॉलेंस का फरमान महज कागज तक सीमित है। ऐसा हम नहीं कह रहे बल्कि सुल्तानपुर में आयुबपुर-नरायनपुर मार्ग जो 58 लाख रुपए की लागत से बना उसकी तस्वीरें कह रही हैं। यह मार्ग पहली ही बारिश में खस्ताहाल हो गया है। बारिश के कारण सड़क कई स्थानों पर धंस जा रही है। सड़क मरम्मत के दौरान मानक की अनदेखी का आरोप ग्रामीण लगा रहे हैं। जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में आयुबपुर-नरायनपुर मार्ग का निर्माण साल 2007-08 के वित्तीय वर्ष में डॉ.



अम्बेडकर ग्राम योजना के अंतर्गत हुआ था। इधर सात वर्षों से सड़क बदहाल हो गई थी। इसकी मरम्मत को लेकर ग्रामीण मांग करते आ रहे थे। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की सड़क होने के कारण सड़क की मरम्मत हो नहीं पा रही थी। लगभग एक वर्ष पूर्व सड़क लोक निर्माण विभाग को हैंड ओवर की गई थी। इसके बाद 6 महीने पहले निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क की मरम्मत शुरू की गई थी। बीते अप्रैल माह में सड़क बनकर तैयार हुई। सड़क मरम्मत के बाद बीते दिनों हुई पहली बारिश ने सड़क गुणवत्ता में हुए भ्रष्टाचार की पोल खोलकर रख दिया है। आयुबपुर गांव व शोभीपुर गांव के पास तीन स्थानों पर सड़क फूलकर धंस सी गई है।

आयुबपुर निवासी हैदर अली बताते हैं कि मरम्मत के दौरान कम गिट्टी और कम तारकोल डालने की शिकायत अधिकारियों से की गई थी। जिस पर संबंधित अधिकारी द्वारा ध्यान नहीं दिया गया।

# अमरोहा में घर में घुसकर लूट

## दीवार फांदकर घर में घुसे बदमाश, महिला पर ताना तमंचा, जेवरात और रुपए लेकर भागे

**अमन लेखनी समाचार**

अमरोहा, अमरोहा के गजरौला में तमंचे की नोक पर बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। दीवार फांदकर घर में घुसे बदमाशों ने परिवार को बंधक बना लिया। साथ ही घर में रखे सोने - चांदी के



आभूषण, नकदी समेत लगभग डेढ़ लाख का माल लूट लिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद परिवार वाले चौकी पहुंचे। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने उनसे लूट की तहरीर चोरी में बदलवा दी। फिलहाल घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गजरौला थाना क्षेत्र के शकूराबाद गांव निवासी मुबारक अली बीती रात अपने परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहे थे। रात करीब एक बजे चार बदमाश घर की दीवार फांदकर अंदर घुस आए। मुबारक अली की पत्नी नसीमा को एक बदमाश ने तमंचे के बल पर ले लिया। परिवार के अन्य लोग भी जाग गए। आरोप है कि बदमाश घर में रखे सोने के जेवर व पांच हजार रुपए नकद समेत करीब डेढ़ लाख रुपए का सामान लूटकर ले गए। बदमाशों के चले जाने के बाद मुबारक अली ने शोर मचाया तो गांव के अन्य लोग भी जाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। मुबारक अली का आरोप है कि उसने कुमराला चौकी पर लूट की तहरीर लिखकर दी थी, लेकिन चौकी इंचार्ज ने धमकाकर तहरीर बदलवाकर चोरी की लिखवा दी।

# भाजपा नेत्री पर जमीन कब्जा करने का आरोप

❍ पीड़ित को मिली गोली मारने की धमकी, बोला-हम कर लेंगे आत्मदाह

**अमन लेखनी समाचार**

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में एक दिव्यांग की जमीन भाजपा नेत्री द्वारा कब्जाने का आरोप है। पीड़ित बार बार सक्षम अधिकारी से पैमाइश कराने का अनुरोध कर रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में तंग आकर बुधवार को उसने डीएम से शिकायत किया और कहा है कि अगर न्याय नहीं मिला तो वो आत्मदाह करने को मजबूर होगा। जिसका जिम्मेदार प्रशासन व भाजपा नेत्री होगी। कोतवाली नगर के गभड़िया निवासी सुरेंद्र साहू पुत्र बाबूलाल साहू की



कोतवाली देहात के अहिमाने बाजार में सड़क किनारे जमीन है। लगभग 40 वर्ष पूर्व उसने जमीन का बैनामा लिया और बाउंड्री वाल करा रखा था। आरोप है कि पड़ोस के नंबर की जमीन भाजपा नेत्री पूजा कसौधन की है, जो राजस्व टीम को मिलाकर गलत पैमाइश कराकर बाउंड्रीवाल को कब्जा करना चाह रही है। 27 जून को जमीन पैमाइश के लिए राजस्व टीम गई तो भाजपा नेत्री के परिवार के सदस्यों ने दिव्यांग पीड़ित को गोली मारने की धमकी दे डाला। पीड़ित दिव्यांग सुरेंद्र साहू कांग्रेस जिलाध्यक्ष और शहर अध्यक्ष शकील अहमद के साथ डीएम के जनता दरबार पहुंचे।

## संक्षेप

### संघ ने एडवोकेट सईदा खान को सौपा जिला अध्यक्ष का कार्यभार

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील में कार्यरत महिला अधिवक्ता सईदा खान को राष्ट्रीय लोक शिकायत एवं मानवाधिकार न्याय आयोग की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता आलम मलिक ने अधिवक्ता सईदा खान के न्याय प्रिय कार्य तथा कर्तव्य निष्ठता को देखकर संपूर्ण जनपद फतेहपुर का कार्यभार सौपा यह सूचना जैसे ही जनपद समेत बिंदकी तहसील के अधिवक्ताओं एवं शासन प्रशासन के अधिकारियों को मिली तो सभी लोगों ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अधिवक्ता सईदा खान को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की वही जनपद प्रदेश तथा समस्त राष्ट्र से निर्वाचित राष्ट्रीय लोक शिकायत एवं मानवाधिकार न्याय आयोग के सभी पदाधिकारियों ने भी बारी-बारी से नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष को ढेर सारी बधाई दी

### मेरठ में 1 इंस्पेक्टर ,6 दरोगा लाइन हाजिर

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के नए कप्तान एसएसपी विपिन ताडा एक्शन में हैं। लापरवाही पर नौचंदी थाने के इंस्पेक्टर क्राइम, 4 चौकी इंचार्ज समेत 9 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। सभी के खिलाफ लापरवाही और आरोपों की शिकायत थी। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने आते ही सीओ और थाना प्रभारियों से उनके यहां तैनात लापरवाह पुलिसकर्मियों की रिपोर्ट मांगी थी। सभी से कहा गया था कि जिनको थाने से हटाना चाहते हैं, उनके बारे में लिखकर दे दें। सदर बाजार थाना प्रभारी शशांक मिश्रा ने सोतीगंज चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह के बारे में रिपोर्ट दी थी। सोतीगंज में पिछले दिनों एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने छापेमारी कराई थी। जिसमें सोतीगंज चौकी प्रभारी को छापेमारी की सूचना से दूर रखा गया था। जितेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। सिविल लाइन थाने में एसएसआई जय इंद्र को लाइन हाजिर किया गया है। नौचंदी थाने के इंस्पेक्टर क्राइम राजकुमार और एल ब्लॉक चौकी इंचार्ज रोबिन कुमार, कोतवाली थाने की बुढ़ाना गेट चौकी के इंचार्ज सुमित उपाध्याय और सुभाष बाजार चौकी इंचार्ज देवेंद्र मिश्रा को लाइन हाजिर किया गया है। एसएसपी ने ये भी स्पष्ट कर दिया है जो विवेचना पुलिसकर्मी कर रहे थे, वह पुलिस लाइन में रहते हुए उसका निस्तारण करेंगे। परीक्षितगढ़ थाना प्रभारी ने दरोगा अक्षय निधि शर्मा को विवेचनाओं के प्रति लापरवाही करने की रिपोर्ट दी थी, एसएसपी ने अक्षय निधि को भी लाइन हाजिर कर दिया है।

## लागत से अधिक उत्पादन किसानों का लक्ष्य-ध्रुव कुशवाहा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली ब्लॉक मुख्यालय पर शुक्रवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें खरीफ फसल पर चर्चा की गयी। सभा को संबोधित करते हुए- एडीओ एजी ध्रुव कुशवाहा ने कहा कि किसान वैज्ञानिक विधि अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकते है। इससे उनके आमदनी में इजाफा होगा। किसान गोष्ठी में एकीकृत पोषक प्रबंधन, आईपीएम, प्राकृतिक खेती, मिलेट्स की खेती के साथ विस्तृत फायदे के बारे में जानकारी दी गई। गोष्ठी की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख शशि प्रताप सिंह के द्वारा की गई। गोष्ठी के दौरान अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कृषि विशेषज्ञ विजय बहादुर द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में संचारी रोग नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई। इसे अभियान बनने पर जोर दिया गया। बताया गया कि- चूहा, छछूंदर आदि इसके वाहक हैं। उक्त अवसर पर-ष बीडीओ बृजेश यादव, एडीओ पीपी दुर्गेश मद्धेशिया, बिटीएम राहुल, पीपीएस विवेक, दुर्गा मद्धेशिया, श्रीधर मिश्र, शिवरतन सहित भारी संख्या में किसान मौजूद थे।

## पिकप पर चोरी का लदा 110 लीटर डीजल बरामद एक गिरफतार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा पुलिस ने जीरो प्वाइंट पार्किंग के पास खड़ी टैकरो से डीजल चोरी करते एक चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी से उपनिरीक्षक रूपेश पॉल कास्टेबिल संदीप निषाद, भानु प्रताप मेरी संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली की जीरो प्वाइंट स्थित पार्किंग में खड़े टैंकरों से कुछ लोग डीजल चोरी कर कम दाम पर बेचते है। पुलिस पार्किंग में पहुंची तो एक व्यक्ति यार्ड की तरफ भागते दिखाई दिया। तो पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। उसने बताया की टैंकरों से डीजल चोरी कर बेचते है। पुलिस ने चोर के निशानदेही पर एक पिकप पर लदा 110 लीटर डीजल बरामद किया। जिसकी पहचान रामप्रीत पुत्र स्व सुन्नर निवासी मानिकापार थाना बेलघाट के रूप में हुई। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसानो ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के ककना, चकपत्ता के किसानो ने गीडा द्वारा किसानों के किए जा रहे भूमि अधिग्रहण के विरोध सैकड़ों की संख्या में किसानो ने पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनील कुमार के नेतृत्व में सीईओ गीडा को ज्ञापन सौंपा। और मांग किया गया है की ककना, चकपत्ता, गांव के किसानो की कृषि योग्य भूमि गीडा विकास के नाम पर अधिग्रहण कर रही है।जिसका विरोध करते हुए किसानो ने मंडलायुक्त को शपथ पत्र भी दिया था। गीडा प्रशासन ने किसानो के साथ बैठक भी किया था। 8 फरवरी 2024 को राजस्व परिषद में भी शिकायत दर्ज कराया गया था। इसके बाद रिपोर्ट भी मांगी गई थी।लेकिन गीडा प्रशासन ने रिपोर्ट नही भेजा। मांग है की किसानो के कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण रोका जाय। ज्ञापन सौंपने वालों में भोलानाथ मौर्य, दिनेश सिंह, अमरेश सिंह, तेरस प्रजापति, दूधनाथ, सुरेश, जगरनाथसुरेश, किशोर पाल, मन्नू पाल, मोहन लाल, सुरेश कुमार, राजमन सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

## बीआईटी ने प्राप्त किया शैक्षिक गुणवत्ता का सर्वोच्च मानक एनबीए

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के बुद्धा इंस्टिट्युट आफ टेक्नालाजी गीडा गोरखपुर ने शैक्षिक गुणवत्ता का सर्वोच्च मानक एनबीए को सीएसई विभाग में प्राप्त कर लिया है। विगत 10 से 12 मई 2024 को तीन सदस्यीय एनबीए कमेटी द्वारा बुद्धा इंन्सिटीट्युट आफ टेक्नालाजी संस्थान का निरीक्षण किया था। जहां निरीक्षण कमेटी द्वारा शिक्षा, परीक्षा परिणाम, प्लेसमेंट, छात्रावास सहित छात्रों को उपलब्ध होने वाली समस्त व्यवस्था एवं सुविधाओं का बारीकी से मूल्यांकन कर ए बी ए ने दिल्ली मुख्यालय को रिपोर्ट सबमिट करने के बाद मुख्यालय ने रिपोर्ट का अवलोकन कर बुद्धा इंस्टिट्युट आफ टेक्नालाजी संस्थान की सीएसई विभाग को एनबीए प्रदान किया। इस सुखद पल को साझा करते हुए संस्थान के चेयरमैन डॉ0 आर0 ए0 अग्रवाल एवं सचिव डॉ0 रजत अग्रवाल ने कहा कि बुद्धा इंस्टिट्युट आफ टेक्नालाजी संस्थान प्रारंभ से ही शिक्षा, प्रयोगशाला एवं प्लेसमेंट हेतु अत्यंत संजीदा एवं गंभीर रहा है। इस अवसर पर सस्थान के निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, डा0 आषीष सिंह, डा0 अभिषेक त्रिपाठी, अभिनव श्रीवास्तव, प्रो0 एच0 एन0 सिह, ई0 अंकुर कुमार, ई0 उज्जवल श्रीवास्तव, डा0 अभिन्नदन त्रिपाठी, डा0 शषांक श्रीवास्तव, डा0 डी0के0 द्विवेदी, डा0 विनय श्रीवास्तव सहित सभी विभागाध्यक्ष अधिष्ठाता शिक्षको ने छात्र को बधाई दी।



## मोहर्रम पर्व पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना मुख्यालय पर आने वाले मोहर्रम पर्व के मद्देनजर गीडा एस एच ओ योगेंद्र कुमार राय की अध्यक्षता में एक पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न धर्म के धर्मावलंबियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जुलूस परंपरागत तरीके से ही निकले जाएं, कोई भी नया कार्य न किया जाए जो गाइडलाइन के विरुद्ध हो। डीजे इत्यादि के संबंध में ध्यान रखा जाए कि जो माननीय सुप्रीम कोर्ट का जो आदेश है उससे ज्यादा आवाज न होने पाए। अराजकता की स्थिति में सदैव पुलिस तत्पर रहेगी। अराजकता किसी भी किस्म में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पिपरौली चौकी इंचार्ज रुपेश पाल सिंह, उमा शंकर यादव ,ग्राम प्रधान पिपरौली अब्दुल खालिक ,आलम, रईस, शकील, नसीम, जावेद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश को लेकर डंफर चालक को पीटा पांच पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के देवरारतुला निवासी दीपू यादव उर्फ मल्लू पुत्र देवेंद्र जो डंफर चालक है।1 जुलाई को सुबह 7 बजे डंफर ठीक कराने गीडा आ रहा था। अभी रानीपार के पास पहुंचा था। की आधा दर्जन की संख्या में मनबढ उसे घेर लिया और लाठी डंडा हाकी, पंच से मारपीट कर घायल कर दिए ।पुलिस ने चंद्रपाल यादव, बाबूराम यादव, अंकित यादव उर्फ विक्की, धीरज यादव, संजय यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## आकाशीय बिजली के चपेट में आने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पीपीगंज थाना क्षेत्र के अकटहवा गांव निवासी रौनक पुत्र प्रमोद उम्र लगभग 12 वर्ष की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को रौनक अपने घर से धान की रोपाई के लिए खेत में गया था। खेत से वापस दोपहर के 12 बजे घर की तरफ आ रहा था कि रास्ते में ही पुलिया के पास पहुंचा था कि अचानक गिरी बिजली के चपेट में आ गया जिससे उसकी तत्काल मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पीपीगंज पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रौनक चार भाई बहनों में अकेला और सबसे बड़ा था। रौनक के पिता पंजाब रहकर मजदूरी करते है। मौजूदा समय में पंजाब में ही है। घर के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना लिखे जाने तक कोई सरकारी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे थे।

## विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अधिकारियों का हुआ सम्मान

**पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी की विदाई तथा नव आगंतुक बेसिक शिक्षा अधिकारी का हुआ भव्य स्वागत**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शिक्षक डॉक्टर प्रशांत पाण्डेय के साथ प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपद स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे बिगत दिवस गुरुवार को पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव को संस्था के सभी पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ तथा प्रतीक चिन्ह देकर भावभीनी विदाई दी बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव के आवास में पहुंचकर संघ के पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त करते हुए विदाई की इसी प्रकार प्रतीक चिन्ह

तथा माल्यार्पण के साथ वित्त लेखा अधिकारी राजीव पांडे का भी विदाई समारोह मनाया गया इसके पस्चात नव आगंतुक बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी का संघ के सभी पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया इसी प्रकार फतेहपुर जनपद के डाएट उप प्राचार्य के पद पर संजय कुशवाहा की नियुक्ति होने पर भी संघ के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर पदासीन उप प्राचार्य का भव्य स्वागत किया इस मौके पर विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला

अध्यक्ष डॉ प्रशांत पाण्डेय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी यादव पुनीत उत्तम योगेश वर्मा एसके साहू प्राथमिक शिक्षक संघ के अमौली विकासखंड महामंत्री दयाराम गौतम संरक्षक कमल किशोर वर्मा समेत भारी संख्या में संस्था के पदाधिकारी तथा शिक्षक गण मौजूद रहे

## हाथरस सत्संग हादसे में बुलंदशहर की ज्योति की मौत

**भगदड़ के दौरान नीचे गिरी, दम घुटा, 18 लोग गए थे भोले बाबा का प्रवचन सुनने**

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के बाद भगदड़ मच गई। कुचलने से 122 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में बुलंदशहर के अनूपशहर के मोहल्ला नेहरू गंज निवासी जसवंत की 12 साल की बेटी ज्योति भी शामिल है। पिता जसवंत ने बताया कि उनकी बेटी ज्योति अनूपशहर के एक विद्यालय में कक्षा चार की छात्रा है। इन दोनों ज्योति अपने ननिहाल कोतवाली हरदुआगंज जिला अलीगढ़ गई हुई थी। हरदुआगंज से ही उसकी नानी उसे सत्संग में ले गई थीं। इधर अनूपशहर से ज्योति के पिता जसवंत अपनी पत्नी के साथ सत्संग सुनने के लिए गए हुए थे। छात्रा के पिता जसवंत सिंह ने बताया कि तहसील सिकंदराऊ के फुलरई गांव में सुबह 10:30 बजे भोले बाबा का सत्संग प्रारंभ हुआ, जो कि दोपहर 1:00 बजे तक चला। सत्संग में शामिल होने के लिए दूर दराज से हजारों लोग पहुंचे। सत्संग समाप्त होने के करीब 15 मिनट के बाद एक साथ भगदड़ मच गई। जिसमें उनकी बेटी और पत्नी नीचे गिर पड़े। काफी मशक्कत के बाद उन्होंने अपनी पत्नी व बेटी को ढूंढा। एंबुलेंस से उसे एटा हायर सेंटर ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने ज्योति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जसवंत सिंह ने बताया कि सत्संग समाप्त होने के बाद एक साथ भगदड़ मच गई, जिसमें सैकड़ों लोग नीचे गिरकर घायल हो गए। देखते ही देखते उनके सामने लाशें बिछ गईं। चारों तरफ कोहराम मच गया। कुचलने की वजह से इतनी मौतें हुईं।

बताया जा रहा है कि सत्संग में शामिल होने गए अनूपशहर के कुछ लोग भी चोटिल हुए हैं।

जिनका उपचार अलीगढ़ मेडिकल, सिकंद्राराऊ सीएचसी एवं एटा हायर सेंटर में चल रहा है।

**अभियान** — उत्पादन से किसानों की बढ़ेगी आमदनी, होंगें आत्मनिर्भर

## डीएम का ड्रेगन फ्रूट पौधेरोपण अभियान होगा कारगार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र के डीएम चन्द्र विजय सिंह ने जिले के विभिन्न गांवों में सैम व मैम बच्चों व बच्चियों की स्थिति में सुधार के लिए नई पहल की शुरूआत की है। बता दें कि जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम विभाग के माध्यम से चिह्नित कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए बेहतर कदम उठाते हुए पोष्टिक खाद्य पदार्थो को घर-घर पहुंचाया। जिससे कुपोषित बच्चों और बच्चियों के स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सके। बता दें कि सैम और मैम बच्चों के स्वास्थ्य और बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारी ने एक और नई पहल की शुरूआत करते हुए जनपद के सभी विकास खण्डों के विभिन्न गांवों के कुल 657 सैम व मैम बच्चों को चिन्हित कर उनके ही घर पर 5 पिलरों पर 4-4 ड्रेगन फ्रूट के पौधों का रोपण किया गया था, जिसका उद्देश्य था कि कुपोषित बच्चों के घर पर ही प्रोटिनयुक्त यह ड्रेगन फ्रूट फल प्राप्त हो सके। जिसके सेवन से कुपोषित बच्चों को भरपूर मात्रा में प्रोटिन मिलता रहे और उनके स्वास्थ्य में काफी सुधार की स्थिति बनी रहे। कुपोषित बच्चों के स्थिति में सुधार हेतु ड्रेगन फ्रूट के नई पहल को और बल मिल सके, इसके लिए जिलाधिकारी ने खुद जिले के विभिन्न गांवों में भ्रमणशील रहते हुए अनेक कुपोषित बच्चों के घरों में पांच पिलरों पर चार-चार पौधे रोपित किए थे और इसका बेहतर तरीके से संरक्षण हो सके, इसके के लिए कुपोषित बच्चों के परिजनों को सरल भाव से समझाते हुए संरक्षण करने विधि की जानकारी देते हुए इसके प्रति जागरूक भी किया गया था। बता दें कि पिछले वर्ष जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह द्वारा कर्मा ब्लॉक और रावटसगंज ब्लॉक के किसानों को ड्रेगनफ्रूट की खेती करने के लिए उत्साहित किया था। किसानों द्वारा रोपित किए गए ड्रेगनफ्रूट के पौधों में अब फल लगने लगे हैं। जिसे आगामी माह सितम्बर और अक्टूबर में फल बाजारों में बेचने के आसार दिखते नजर आ रहे हैं, जिससे कृषक बन्धु के चेहरे पर इस फल को लेकर काफी प्रसन्नता नजर आने लगी हैं। क्योंकि ड्रेगनफ्रूट की कीमत बाजार में 250 से 350 रूपया प्रतिफल है। बता दें कि ड्रेगनफ्रूट की खेती के लिए जिला उद्यान विभाग द्वारा प्रति हेक्टेयर 30 हजार रूपए का अनुदान भी किसानों को दिया जाता है।

ड्रेगनफ्रूट लाल, लीला व सफेद रंग के होते हैं। जिला खनिज फाउंडेशन निधि से विकास खण्ड घोरावल के राजकीय परिक्षेत्र बेलाही में 1100 पिलरों पर 4400 ड्रेगनफ्रूट के पौधें का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा वर्ष-2022-23 में किया गया था। इस मुहिम से जहां कृषक बन्धुओं द्वारा ड्रेगनफ्रूट के फल का उत्पादन करने से उनके आय में वृद्धि हो रही है। वे आत्मनिर्भर की ओर बढ रहे है।

## पीस कमेटी की बैठक संपन्न

- श्रावण मास और मोहर्रम मनाने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार



अनपरा, सोनभद्र के अनपरा थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय की अध्यक्षता में अनपरा थाने में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी श्रावण मास एवं मोहर्रम त्योहार को लेकर संभ्रांत लोगों के साथ सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। जिसमें परम्परागत तरीके से दोनों त्योहारों को मनाने का निर्णय लिया गया। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में आगामी श्रावण मास एवं मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके, इसलिए दोनों समुदाय के संभ्रांत जनों से यह अपेक्षा किया जाता है कि वे अपने-अपने धर्म के लोगों से शासन के दिशा-निदेर्शानुसार ही पर्व को मनाएंगे। दोनों समुदाय के लोगों को भारत सरकार द्वारा कानून में किए गए धारा संख्या में बदलाव नियमों से अवगत कराया। श्रावण मास एवं मोहर्रम को लेकर नगरवासियों से जुलूस को लेकर लिखित सूचना मांगा। लोगों ने जुलूस के रास्ते की समस्या को उठाया ओर उसके निस्तारण की मांग की। थानाध्यक्ष ने कांवण यात्रा के लिए मार्ग को सुचारु कराने के संबंध में वन विभाग के कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक ने त्योहार को परम्परागत तरीके से मनाने की बात कही। कहा कि मोहर्रम पर कोई भी नये रुट को उपयोग में नहीं लाया जाएगा। पहले की तरह ही जुलूस निकाले जाएंगे। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के हथियार पर प्रतिबंध रहेगा। अगर कहीं भी इस तरह का फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। ताजिया जुलूस के दौरान वाद-विवाद की स्थिति में संचालक पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। मोहर्रम त्योहार के दिन विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। साफ-सफाई की व्यवस्था नगर पंचायत को संभालने है। बैठक में नगर पंचायत से सुधाकर यादव, विद्युत विभाग से जेई संतोष तिवारी, अविनाश तिवारी, हेड कांस्टेबल अजय , उपनिरीक्षक राम सिंह यादव, शाहजहां, मो. मुख्तार, मो. इश्हाक, नौशाद अनुसारी, मो. रफीक, रामनरेश, मुकेश एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### मोहर्रम के मद्देनजर डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत को सौंपी जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मोहर्रम के मद्देनजर मुस्लिम बाहुल्य पंचायतों में साफ सफाई की जिम्मेदारी एडीओ पंचायतों को सौंपी गयी है। जिला पंचायत राज अधिकारी जीतेन्द्र मिश्रा ने सुमेरपुर, मौदहा, मुस्करा, सरीला के एडीओ पंचायतों को भेजे पत्र में निर्देश दिया है कि ग्राम पंचायत चंद्रपुरवा बुजुर्ग, इंगोहटा, बिदोखर मेदनी, पत्योरा, मुंडेरा, नदेहरा, छानी बुजुर्ग, छानी खुर्द, छिमौली, बिगहना, सिसोलर, बिवांर, जलालपुर में स्थित इमामबाड़ों, ताजिया जुलूस के मार्गों की साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम कराकर मोहर्रम के दिन चूना कलई के छिडकाव के समुचित प्रबंध करायें।

### जेठानी ने देवरानी के खिलाफ थाने में दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।थाना क्षेत्र के बिलौटा ग्राम पंचायत के मजरा टेकचंद का डेरा निवासी देवरानी जेठानी में प्लाट में गड़े खूंटे उखाड़ देने के विवाद में मारपीट हुई। जेठानी ने देवरानी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। क्षेत्र के टेकचंद का डेरा गांव निवासी जेठानी रामदेवी पत्नी रामकिशोर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव में मेरा प्लाट खाली पड़ा है। जिसका उपयोग अपने पशु बांधने के लिए करते हैं। जिसमे पशुओं के बांधने के लिए खूंटा गाड़ रखे हैं। आज दोपहर में मेरी देवरानी दो बजे संगीता पत्नी राजेंद्र पशुओं के बांधने वाले खूंटे उखाड़ कर फेंकने लगी। जब मैने उसको मना किया तो वह डंडा लेकर मार पीट करने लगी जिससे हाथ पैर में चोट आई है। पीड़ित को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। थाने में देवरानी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग थाना पुलिस से की है।

### सफाई कर्मी से डीपीआरओ ने मांगा स्पष्टीकरण

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बगैर किसी कारण के बगैर अवकाश के जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय पहुंचने पर मौदहा विकासखंड की ग्राम पंचायत टोला माफ के सफाई कर्मी का एक दिवस का वेतन रोकने के साथ तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा है। ग्राम पंचायत टोला माफ में तैनात सफाई कर्मी रामबरन शुक्रवार को स्थानांतरण का आवेदन लेकर डीपीआरओ कार्यालय पहुंचा था। इससे नाराज जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र मिश्रा ने सफाई कर्मी को कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने तथा अनुशासनहीनता मानते हुए एक दिन का वेतन रोककर तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा है।

## वृक्ष मानव जीवन का आधार - मयंकेश्वर

अमन लेखनी समाचार





तिलोई, अमेठी। वृक्ष जीवन का आधार हैं इनके विना जीवन संभव नहीं है₹ यह उद्गार प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने तिलोई क्षेत्र के कुटुमरा गांव में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में वृक्षारोपण करने के दौरान ब्यक्त किए। हरिशंकरी का वृक्षारोपण करते हुए उन्होंने कहा कि हरिशंकरी वृक्षारोपण में तीन पेड़ बरगद पीपल पाकड़ एक साथ रोपित किए जाते हैं और पर्यावरण संरक्षण में इन तीनों पेड़ों का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए इन तीनों पेड़ों को त्रिदेव ₹बृम्हा विष्णु महेशर₹ का प्रतीक माना जाता है।इन तीनों पेड़ों की खास बात यह है कि इन तीनों पेड़ों में वर्ष भर पक्षियों को किसी न किसी वृक्ष में आहार अवश्य उपलब्ध रहता है।

राज्य मंत्री ने कहा कि एक पेड़ मा के नाम वृक्षारोपण की मुहिम सरकार द्वारा चलाई जा रही है।इसके अलावा हर खेत में मेड़ हो हर मेड़ पर पेड़ हो की भी मुहिम चलाई जा रही है इन कार्यक्रमों को जन आंदोलन का रूप देना होगा तभी यह कार्यक्रम सफल होंगे।मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि बचपन से ही हम यह सुनते आए हैं कि पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं लेकिन यह बातें बस सुनी-सुनाई ही रह जाती हैं। इस पर बहुत कम लोग अमल करते हैं। यह पेड़-पौधे प्रकृति का अनमोल उपहार हैं जो धरती पर रहने वाले हर जीवों का मूल आधार हैं। इनके बिना हर किसी का जीवन असंभव है। यह चारों ओर अपनी हरियाली बढ़ाकर खूबसूरती तो फैलाते ही हैं, साथ ही यह हमें फल, फूल, लकड़ी, बांस, ईंधन आदि बहुत सी चीजें भी उपहार में ही देते हैं। इंसानी जीव के साथ-साथ पशु-पक्षियों का जीवन भी इन्हीं पर निर्भर करता है। जंगली जानवर सर्दी, गर्मी, बरसात से बचने के लिए पेड़ों का ही सहारा लेते है। इतना ही नहीं, बहुत से लोग अपना जीवन व्यतीत करने के लिए आर्थिक रूप से भी इन पेड़-पौधों पर निर्भर होते हैं। कागज, माचिस, फर्नीचर उद्योग से लाखों लोगों की जीविका भी चलती है। हम पूरी तरह से इन पेड़-पौधों पर आश्रित होने के बावजूद इसकी अहमियत नहीं समझ पा रहे हैं तो यह अपने आप से छल करने के सामान है।इस मौके पर तिलोई के पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना, सिंहपुर प्रमुख अंकित पासी, डीएफओ रणवीर मिश्रा, वन क्षेत्राधिकारी जहीर मिर्जा, डिप्टी रेंजर सचिन गौतम, रामराज यादव माली, वाचर सुरेश सिंह, विश्वनाथ यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## एनडीआरएफ ने आपदा से बचाव के लिए किया मॉक अभ्यास

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। जनपद मे शुक्रवार को त्रिशुंडी स्थित इंडियन ऑयल के बॉटलिंग प्लांट मे एलपीजी रिसाव से बचाव के लिए मॉक अभ्यास किया। इस मॉक अभ्यास मे एनडीआरएफ ने त्वरित कार्यवाही करते हुए रिसाव पर काबू पाया और घायलों को निकाल कर अस्पताल भेजने की कार्यवाही की। इस मॉक अभ्यास को एनडीआरएफ की 11वीं वाहिनी वाराणसी द्वारा संपादित किया गया। इस मॉक अभ्यास को जिला आपदा प्रबंधन, एनडीआरएफ एवम इंडियन ऑयल के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट राम भवन सिंह यादव जी ने एलपीजी रिसाव की घटना के सम्बन्ध मे एनडीआरएफ की बचाव एवम राहत प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस मॉक अभ्यास मे प्लांट के प्रबन्धक यू एन त्रिपाठी, सुरक्षा प्रभारी राकेश कुमार राणा, जिला प्रशासन से आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह, उपनिदेशक कारखाना अयोध्या अनंत कुमार, होम गार्ड के प्रशिक्षित आपदा मित्र, अग्नि शमन विभाग के अग्नि शमन अधिकारी शिव दरस प्रसाद के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सम्मिलित हुए। आपसी औद्योगिक सहयोग के अंतर्गत इंडोरामा फर्टिलाइजर, भारत पेट्रोलियम टिकरिया एवम कोका कोला प्लांट के सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया। मॉक ड्रिल की समाप्ति पर प्लांट प्रबन्धक यू एन त्रिपाठी द्वारा सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## ग्राम प्रधान ने डी एम और डी पी आर ओ पर लगाए हाईकोर्ट को गुमराह करने के आरोप, 15 जुलाई को सुनवाई

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। बाजार शुकुल विकास खंड की ग्राम पंचायत इक्का ताजपुर की बर्खास्त प्रधान की ओर से हाईकोर्ट में दायर याचिका में अगली सुनवाई 15जुलाई को है। ग्राम प्रधान ने कहा है कि उसके ऊपर लगाए गए गबन का आरोप जांच में सिद्ध नहीं हुआ है। जिलाधिकारी और डी पी आर ओ ने कूट रचित अभिलेखों के सहारे अदालत को गुमराह किया है। प्रधान की ओर से शासन को भेजी गई शिकायत के मामले में उत्तरप्रदेश शासन के उपसचिव प्रवीण कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान से शपथ पत्र और आरोपों के सम्बन्ध में साक्ष्य मांगे हैं।

इक्का ताजपुर की ग्राम प्रधान विमला देवी को गबन के आरोप में 25फरवरी2023 को बर्खास्त किया गया था। ग्राम प्रधान ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की है। पहली रिट याचिका 2231/2024 का अदालत की ओर से निस्तारण किया जा चुका है। ग्राम प्रधान का कहना है कि हाईकोर्ट ने 12मार्च को डी एम, डी पी आर ओ और कनिष्ठ लिपिक संतोष कुमार विश्वकर्मा से जबाब तलब किया था।ये लोग अदालत में पेश नहीं हुए। आरोप है कि 6मई2024को तत्कालीन डी एम राकेश कुमार मिश्र, डी पी आर ओ श्री कांत यादव और डी पी आर ओ आफिस के कनिष्ठ लिपिक संतोष कुमार विश्वकर्मा ने कूट रचित अभिलेखों के माध्यम से माननीय न्यायालय को झूठी जानकारी दी है। ग्राम प्रधान ने इस बीच शासन में भी इस सम्बन्ध में शिकायत की है। ग्राम प्रधान का कहना है कि अदालत को गुमराह करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध अपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाय। उधर मुख्यमंत्री को ग्राम प्रधान की ओर से दी गई शिकायत नियुक्ति विभाग में है। नियुक्ति विभाग के उप सचिव ने ग्राम प्रधान विमला देवी से आरोपों के सम्बन्ध में शपथ पत्र और साक्ष्य उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। रिट याचिका संख्या 4580/2024में अगली सुनवाई 15जुलाई को है। गौरतलब है कि 15जुलाई के बाद इस केस में क्रिमिनल ऐक्ट की धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई होगी। ग्राम प्रधान के साक्ष्य मिलने पर हाईकोर्ट डी एम, डी पी आर ओ और कनिष्ठ लिपिक के विरुद्ध अपराधिक कृत्यों की धाराओं के अन्तर्गत रिपोर्ट दर्ज कराएगा।

## हाथरस घटना को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रखा मौन श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार




अमेठी। हाथरस हादसे में दिवंगत श्रद्धालुओं के आत्मा की शांति के लिए अमेठी में शुक्रवार को सांसद किशोरी लाल शर्मा जी के निर्देश व सानिध्य में मौन श्रद्धांजलि रखी गई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के साथ अमेठीजिला मुख्यालय के गौरीगंज बस स्टॉप पर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने मौन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर हाथरस में दिवंगत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए मौन श्रद्धांजलि रखी और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

मौन खत्म होने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि हाथरस में जो दुखद घटना घटी उसका जिम्मेदार कौन है। डबल इंजन के सरकार की गैर जिम्मेदाराना हरकत की वजह से कभी पुल गिरने से ट्रेन एक्सीडेंट भगदड़ में सैकड़ो मौते होती है सरकार अनर्गल राग अलापने के बजाय अपने दायित्व को समझें और कार्यवाही करें। ऐसे हादसों को रोकने की योजना तैयार करें मगर जवाब देही तय होती नहीं है और ऐसे हादसे होते रहते हैं। यह दुखद बात है धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्य नाथ जी हाथरस घटना में मृतक और घायल श्रद्धालुओं के परिवार के परिजनों का यथोचित मदद करें। सभा समापन अवसर पर सभी कांग्रेसियों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि घायल/मृतक परिवार के परिजनों को शक्ति दे और यह अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। संगठन के ब्लॉक /न्याय पंचायत मंडल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, फ्रंटल संगठनो के साथ पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, योगेन्द्र मिश्र, मुन्ना सिंह रवि तिवारी, प्रवक्ता अनिल सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह, धर्मेन्द्र शुक्ल, विजय पासी, शिव शंकर उपाध्याय, परमानंद मिश्र, मतीन अहमद, राजीव सिंह, अरविंद चतुर्वेदी, देवेन्द्र सिंह गप्पू, बैजनाथ तिवारी, सर्वेश सिंह, स्मपूणार्नंद, शत्रुह्न सिंह, नरेंद्र मिश्र, शकील ईदरीशी, राम प्रसाद गुप्ता, माता प्रसाद वैश्य, सबीना, दद्दन पांडेय, कुलवंत सिंह, मनीषा चौहान अध्यक्ष नगर पालिका जायस, अनुराग सिंह, सुनील सिंह डब्लू, सुनील सिंह, रामाकांती, धर्म राज बहेलिया, लतीफ, रजवाड़ी प्रसाद, कलावती मौर्य, राजकुमारी किरन देवी मौजूद रही।

## लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान को लेकर हुई बैठक



अमन लेखनी समाचार/शिवम् सिंह

कुरारा, हमीरपुर।स्थानीय विकास खंड सभागार में आपात काल के दौरान आवाज उठाने वाले लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। उक्त अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने बताया कि 25 जून 19 75 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा आपातकाल लगाकर विपक्ष के नेताओ को जेल भेजा गया था। इसके विरोध में लोकतंत्र सेनानियों ने आवाज उठाई थी। आवाज उठाने वाले लोकतंत्र सेनानियों को जेल में डाल दिया गया था। तथा कई माह तक जेल में रहे थे। उनके सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। तथा उनको याद किया गया। उस समय प्रत्येक जिले में आर एस एस के लोगो को चिन्हित कर जेल भेज दिया गया था। ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने भी लोकतंत्र सेनानियों के प्रति आभार व्यक्त किया। तथा अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर यतीश जी, हरनारायण सिंह, प्रवीण निषाद, पिरनियां कुशवाहा, रामबिलास श्रीवास, भोला कुशवाहा, प्रेमनारायण, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 50 लाख से ऊपर लागत के निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में 50 लाख के ऊपर लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं को लेकर समीक्षा किया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें, बारिश के दृष्टिगत सड़कों के गड्ढे भरवाएं जाएं जहां गड्ढे हो वहां पर कार्य प्रगति पर है का बोर्ड लगा दिया जाए जिससे रोड पर चलने वाले लोगों को कोई परेशानी न होने पाए। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी बारिश की वजह से सड़क धसने व क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में तत्काल उसे ठीक कराया जाए। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समयावधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समय के अंदर कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा मानक विहीन व अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच के बाद ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए शीघ्र अतिशीघ्र प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं उनको संबंधित विभाग को हैंड ओवर कर दिया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, परियोजन निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग शैलेंद्र सिंह, सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मैजिक के खेत में उतरने से किशोर की मौत

अमन लेखनी समाचार



शुकुल बाजार, अमेठी। थाना क्षेत्र के नादी कल्याणपुर बाग से आम लादकर जा रही मैजिक गाड़ी के अनियंत्रित होकर खेतों में उतर जाने से उस पर बैठे किशोर की मौत हो गई। जबकि ड्राइवर और बागवान गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक परिजनों द्वारा घटना की तहरीर नहीं दी गई थी। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। प्राप्त विवरण के मुताबिक बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के नादी ग्राम पंचायत के कल्याणपुर गांव में राजबहादुर यादव की आम की बाग है। जिसे जायस थाना क्षेत्र पिंटू खटीक ने बाग को ले रखा है। शुक्रवार को आम तोड़वाकर कैरेट में भरकर वह मैजिक गाड़ी से जा रहे थे। गाड़ी पर पीछे आम के कैरेट के साथ शुकुल बाजार के बुड़हा मजरे शेखपुर भड़रा निवासी 17 वर्षीय अमरजीत निषाद पुत्र दशरथ बैठा था। जैसे ही गाड़ी कल्याणपुर मोड़ के पास पहुंची गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और खेतों में जाकर खड़ी हुई। गाड़ी के नीचे उतरते समय पीछे बैठा अमरजीत उछलकर नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई।

जबकि चालक रजनीश, पिंटू रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीर और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, हादसे की खबर मिलते ही सभी के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। अमरजीत की मौत से उनके परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में एसओ तनुज पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। अगर तहरीर मिलती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## लू से मौत के मामले में आया नया मोड़

### मृतक की पत्नी के अनशन पर बैठने के बाद पुलिस पोस्टमार्टम को तैयार

### 18 दिन बाद कब्र से निकाला गया शव

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। लू से मौत के मामले में पत्नी व बच्चों के साथ अनशन पर बैठने के बाद पुलिस ने 18 दिन बाद शव को कब्र से निकालाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पीड़ित पत्नी का आरोप है कि उसके पति की संदिग्ध मौत के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम नहीं कराया और आर्थिक तंगी के चलते सजातीय लोगों ने शव को दफना दिया था। जबकि उसने आशंका जताई थी की पति की मौत नहीं बल्कि हत्या की गई है।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इंगोहटा निवासी राजकुमारी ने बताया कि उसका पति रामबहादुर प्रजापति 45 वर्ष बीते 11 जून को मौदहा के एक ट्रक में खलासी का काम करने गया था। तभी कानपुर के एक पेट्रोल पंप में ट्रक खराब होने पर ट्रक तीन दिन तक वहीं खड़ा रहा। जिससे उनको लू लग गई। जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी। ट्रक ठीक होने के बाद 14 जून रविवार को सुमेरपुर आया तो उसका पति ट्रक में ही अचेत होकर गिर पड़ा। ट्रक ड्राइवर ने उन्हें मौदहा के सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया। तब उसे सूचना दी गई कि पति की हालत ठीक नहीं है। जानकारी होने पर वह किराए के लिए पैसे न होने पर राशन का पांच किग्रा चावल बेंचकर मौदहा पहुंची। तो उसका पति मृत अवस्था में अस्पताल के बाहर पड़ा था। किसी तरह से वह शव को लेकर गांव आई। अब उसके अंतिम संस्कार का सवाल उठ खड़ा हुआ। तब पड़ोसी और सजातीय लोग सामने आए और आपस में धनराशि एकत्र कर सोमवार को उसका अंतिम संस्कार किया।

पीड़िता ने बताया कि न्याय के लिए उसने सदर विधायक से गुहार लगाई।लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।तब वह पति के पोस्टमार्टम कराने के लिए मुख्यालय के गोल चबूतरे में बैठ गई। तब उसकी आवाज प्रशासन तक पहुंची। प्रशासन ने स्थानीय पुलिस को शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम कराने के आदेश दिए। इस पर शुक्रवार को नायब तहसीलदार हिम्मत बहादुर, थानाध्यक्ष राकेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर रामकुमार यादव ने गांव पहुंच कर जेसीबी से कब्र को खुदवा कर शव को निकलवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस मौके पर मृतक की पत्नी सहित अन्य परिजन व गांव के लोग मौजूद रहे।

## जनहित में भा०ना०सु०सं० की धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अर्पित गुप्ता ने बताया कि माह जुलाई में श्रावण मास की कॉवड यात्रा, मोहर्रम का पर्व एवं माह अगस्त में स्वतन्त्रता दिवस, 19 अगस्त को रक्षाबन्धन व 26 अगस्त जन्माष्टमी पर्वो तथा विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा जनसामान्य के जीवन की सुरक्षा हेतु वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार जनहित में भा०ना०सु०सं० की धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है। उन्होंने कहा जनपद की सीमा के अन्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत आगामी पर्व/त्यौहारों के दौरान अत्यधिक सतर्कता बरती जाएगी तथा किसी प्रकार के जूलूस इत्यादि प्रशासन से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही आयोजित किये जाएंगे, किसी भी सार्वजनिक स्थान पर 05 से अधिक व्यक्ति को एक साथ एकत्रित, धार्मिक उत्तेजना फैलाना (ऐसा भाषण देना, सामाग्री वितरण आदि) व जुलूस, सामाजिक विद्वेश पूर्ण कार्य, व्यवहार, आचरण एवं व्यक्तियों के बीच बैमनस्य व भ्रम फैलाना, धार्मिक, जातीय, वर्गीय विभाजन सम्बन्धी कोई भी कथन व कृत्य पूर्णतया प्रतिबन्धित है। यह निषेधाज्ञा 02 जुलाई से 30 अगस्त तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी रहेगी तथा जनपद अमेठी की सीमा में सामान्य रूप से रहने एवं आने-जाने वाले सभी नागरिकों / व्यक्तियों पर लागू होगी। निषेधाज्ञा का उल्लंघन भा०न्या०सं० (इठर) की धारा-223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

## आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने लिया सर्विलांस का सहारा

### सभी आरोपियों के नंबर सर्विलांस टीम को सौंपे

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। आत्महत्या के लिए उकसाने वाले सभी आरोपियों के मोबाइल नंबर पुलिस ने सर्विलांस में लगाकर उन तक पहुंचने की कवायद में जुटी हुई है। वहीं कुछ लोगों का कहना कि आरोपी कस्बे में ही रह कर पुलिस को चकमा दिए हुए हैं।

कस्बे के नेहा चौराहा के समीप रहने वाले रामबाबू उर्फ रजवा सोनी के पुत्र अंकित उर्फ मोंटी की आत्महत्या के प्रकरण में पुलिस ने एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगों को पीड़ित पिता की तहरीर पर नामजद किया था। घटना के पांच दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि सभी आरोपियों के मोबाइल नंबर सर्विलांस में लगाए गए हैं ताकि लोकेशन के आधार पर छापेमारी करके आरोपियों को गिरफ्तार किया जा सके। वहीं कुछ लोगों का दावा है कि आरोपी कस्बे में ही शरण लिए हुए हैं और पुलिस को चकमा देकर दिनभर इधर-उधर रहकर पुलिस की गतिविधियों पर बराबर नजर बनाए रखते हैं। उधर मृतक के पिता का आरोप है कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर गंभीर नहीं है। वह जल्द ही गिरफ्तारी को लेकर अनशन शुरू करेंगें। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए सर्विलांस की मदद ली जा रही है। सही लोकेशन मिलने पर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। छापेमारी के लिए दो टीमें गठित की गई है।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



स्पेशल: वर्ल्ड चॉकलेट-डे, 7 जुलाई

# यमी चॉकलेट बड़ी टेस्टी है कहानी

बच्चों, चॉकलेट खाने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है ना! क्या तुम जानते हो, इसको सबसे पहले कहां, कब और कैसे बनाया गया था? नहीं पता तो कोई बात नहीं। वर्ल्ड चॉकलेट-डे के अवसर पर हम तुम्हें इन सबके बारे में यहां बता रहे हैं। साथ ही दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट और चॉकलेट म्यूजियम के बारे में भी जानो।

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

चॉकलेट खाना तो हर किसी को पसंद होता है। बच्चे तो इसे खूब मजे लेकर खाते हैं। चॉकलेट खाने में जितनी यमी होती है, उतनी ही दिलचस्प इससे जुड़ी बातें भी हैं। तो जानो चॉकलेट से जुड़ी कुछ रोचक बातें-

### अमेरिका में हुई शुरुआत

चॉकलेट बनाने की शुरुआत अमेरिका से मानी जाती है। शुरुआती दौर में यहां के लोग चॉकलेट निर्माण में यूज होने वाले कोकोआ-सीड्स को 'गॉड गिफ्ट' मानते थे। वे इसे एक तीखे एनर्जी ड्रिंक की तरह मसालों, कॉर्न सूप आदि के साथ इस्तेमाल करते थे। बीसवीं सदी तक आते-आते अमेरिकी सैनिक युद्ध के मैदान में फास्ट फूड की तरह इसका सेवन करने लगे।

### करेंसी के रूप में कोकोआ बींस

बच्चों, तुम्हें जानकर अचरज होगा कि चॉकलेट बनाने के लिए जिन कोकोआ-बींस का इस्तेमाल किया जाता है, इन बींस को प्राचीन माया सभ्यता के लोग करेंसी (मुद्रा यानी रुपए-पैसे के तौर पर) के रूप में इस्तेमाल करते थे। कहते हैं, उन दिनों इसकी कीमत सोने से भी ज्यादा हुआ करती थी। इसका कारण यह था कि कोकोआ की खेती पर प्रतिबंध था और यह आसानी से उपलब्ध नहीं होता था।

### ऐसे बनती है चॉकलेट

चॉकलेट, कोकोआ बींस से बनती है। इसकी एक बीन यानी फली में 25 से 50 तक बीज होते हैं। चॉकलेट बनाने के लिए इन बीजों और फली के सफेद पल्प को लकड़ी के कंटेनर में पांच-सात दिनों के लिए बंद कर देते हैं। फिर बीजों को सुखाकर रोस्ट करते हैं, जिससे इनके छिलके अलग हो जाते हैं। इन बीजों से पेस्ट बनाते हैं। पेस्ट में मौजूद कोकोआ बटर को हाइड्रॉलिक प्रेशर से अलग किया जाता है। बचे हुए पेस्ट में चीनी, मिल्क पावडर और फ्लेवर मिलाकर चॉकलेट बनाते हैं। यहां यह भी बता दें कि दुनिया भर में उपजने वाले कोकोआ का 66 फीसदी हिस्सा पश्चिमी अफ्रीका में पैदा होता है। अकेले आइवरी कॉस्ट में पूरी दुनिया का 33-34 फीसदी कोकोआ का उत्पादन होता है।

## इंट्रेस्टिंग चॉकलेटी फैक्ट्स



**फिल्म के लिए बनाई चॉकलेट की नदी:** वर्ष 1971 में एक फिल्म 'विली वोनका एंड चॉकलेट फैक्ट्री' की शूटिंग के लिए चॉकलेट की नदी बना दी गई थी। इसके लिए 15 हजार गैलन पानी में चॉकलेट और क्रीम को मिलाया गया था।

**चॉकलेट इंटीरियर वाला घर:** वर्ष 2013 में बेलारूस के मिंस्क में रहने वाली एलीना क्लीमेंट ने एक ऐसा अनूठा घर बनाया, जिसमें मौजूद हर चीज चॉकलेट से बनी हुई थी। 600 किलो चॉकलेट की मदद से बने इस 20 वर्ग मीटर के कमरे में टेबल-चेयर, ड्रॉअर, फायर प्लेस, फ्लावरपॉट आदि सब कुछ चॉकलेट से ही बनाया गया था। इसे बनाने में ढाई महीने लगे। प्रदर्शन के बाद ये सभी चॉकलेटी सामान दर्शकों-ग्राहकों को चखाए गए।

**सबसे बड़ी चॉकलेट:** ब्रिटेन की एक चॉकलेट कंपनी ने साल 2011 में अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट का निर्माण किया था। इस चॉकलेट का वजन 5792.50 किलोग्राम था।



### चॉकलेट लवर हैं यूरोपियन

यूं तो दुनिया के हर देश में चॉकलेट खाने के शौकीन होते हैं, लेकिन यूरोप के लोग इसको कुछ ज्यादा ही पसंद करते हैं। 'इंटरनेशनल कोको ऑर्गेनाइजेशन' के अनुसार दुनिया की आधी चॉकलेट सिर्फ यूरोपियन खा जाते हैं। इसके मुताबिक एक ब्रिटिश, स्विस या जर्मन नागरिक साल में लगभग 11 किलो चॉकलेट खा लेता है।

### दुनिया की सबसे महंगी चॉकलेट

पिछले वर्ष पुर्तगाल के ऑबिदुश शहर में आयोजित इंटरनेशनल चॉकलेट फेस्टिवल में दुनिया की अब तक की सबसे महंगी चॉकलेट 'ग्लोरियस' प्रदर्शित की गई। इस चॉकलेट की कीमत 7728 यूरो यानी लगभग 6,20,863 रुपए थी। रिपोर्ट के अनुसार 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड इस चॉकलेट के निर्माण में केसर, सफेद ट्रफल, मेडागास्कर के खास वनीला का यूज किया गया। 'ग्लोरियस' की पैकेजिंग भी बेहद खास थी। इस पर हजारों स्वरोस्की क्रिस्टल और मोती भी लगाए गए थे। *

## अनोखा चॉकलेट म्यूजियम



बच्चों, न्यूयॉर्क (अमेरिका) में एक चॉकलेट म्यूजियम भी है। उसका नाम है- चॉको स्टोरी। अनोखे तरह के इस म्यूजियम को खोलने का विचार जैक्स टोरेस को आया, जो पेशे से एक चॉकलेट मेकर हैं। म्यूजियम की खास बात यह है कि यहां जितनी भी चीजें बनी हुई हैं, वो सब चॉकलेट की ही बनी हुई हैं। तुम इस म्यूजियम में जिधर भी नजर घुमाओगे, तुम्हें सिर्फ और सिर्फ चॉकलेट ही नजर आएगा। म्यूजियम को देखने आने वाले लोगों को सबसे पहले यहां चॉकलेट खाने को दी जाती है। इसके अलावा यहां चॉकलेट के इतिहास के बारे में भी बताया जाता है। ऐसा एक और म्यूजियम जर्मनी के कोलोन शहर में भी मौजूद है, यहां भी चॉकलेट से जुड़ी रोचक जानकारियां दी जाती हैं।

कहानी / संदीप पांडे 'शिष्य'

तेजस को मैथ का सब्जेक्ट बिल्कुल पसंद नहीं था। मैथ्स के सवालों से वह डरता था। लेकिन मम्मी ने एक दिन कुछ ऐसे टिप्स दिए कि तेजस का मैथ को लेकर डर दूर हो गया।

# मेरी प्यारी मम्मी



आज तेजस बहुत परेशान था। वह बार-बार पानी पीता और कुछ सोचने लगता। उसे इस तरह परेशान देखकर मम्मी ने पूछा, 'तेजस, इतने परेशान क्यों दिख रहे हो?'

तेजस बोला, 'मम्मी, जब से मैं सेवेंथ क्लास में आया हूं, मैथ्स का सब्जेक्ट कुछ समझ में नहीं आता। इस सब्जेक्ट में मेरा बिल्कुल भी मन नहीं लगता है। मैथ की किताब उठाते ही मैं बुरी तरह घबरा जाता हूं। मेरा मैथ का होमवर्क भी अधूरा रह जाता है। आजकल मुझे रात में सोने के बाद भी मैथ्स के ही डरावने सपने दिखाई देते हैं।' यह सब बताते हुए तेजस का चेहरा एकदम मुरझा-सा गया।

'बस इतनी सी बात!' मम्मी हौले से मुस्कुराईं और तेजस को समझाते हुए बोलीं, 'बेटा, स्कूल में जो भी सब्जेक्ट पढ़ने होते हैं, उनको लेकर हम सबकी रुचियां अलग-अलग होती हैं। अन्य सब्जेक्ट्स की तरह ही किसी को मैथ्स बहुत पसंद होती है, किसी को नहीं। लेकिन मैथ के सवालों से घबराकर इसे सॉल्व नहीं करना, इससे दूर भागना ठीक नहीं। बच्चों को अपने सिलेबस के सारे सब्जेक्ट्स पर ध्यान देना चाहिए। रुचि से पढ़ना चाहिए।'

तेजस ने पूछा, 'तो फिर मम्मी हमें क्या करना चाहिए?' 'बेटा, यह जो मैथ का सब्जेक्ट है, इसके लिए सबसे जरूरी है प्रैक्टिस। रेग्युलर प्रैक्टिस से मैथ्स के मुश्किल सवाल भी तुम आसानी से हल कर लोगे। अगर आज का टॉपिक या होम-वर्क कल पर टालते रहोगे तो मैथ्स तुम्हें और भी जटिल, बोझिल लगेगी। ये बातें मैथ्स ही नहीं हर, सब्जेक्ट पर लागू होती है।' मम्मी ने तेजस को प्यार से समझाया। तेजस मम्मी की बातें गौर से सुन रहा था। उन्होंने आगे समझाया, 'अब इसका आसान उपाय यह है कि सबसे पहले सरल और जल्दी से हल होने वाले सवाल हल किया करो। इससे तुम्हें एक खुशी मिलेगी, कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा कि तुमने सवाल हल कर लिया। एक जरूरी बात और सुनो, अगर कोई सवाल नहीं आ रहा हो, तो क्लास में टीचर से पूछने में बिल्कुल भी झिझक मत करो। तुम्हारे जो क्लासमेट्स मैथ्स में तेज हों, उनसे मदद लो। इसमें तुम्हें कभी कोई शर्म महसूस नहीं होनी चाहिए। आखिर वे तुम्हारे दोस्त हैं। अगर बार-बार हल करने पर कोई सवाल हल नहीं हो रहा तो कुछ देर कोई दूसरा सब्जेक्ट पढ़ लो फिर मैथ्स के सवाल हल करो, जरूर सफल होगे।'

'मम्मी, आपने तो मुझे काफी अच्छी सलाह दी है।' तेजस खुश होकर बोला। वह अब अपने-आप को बहुत ही हल्का महसूस कर रहा था।

'बेटा, पढ़ाई में एक और बात जान लो, किसी टफ सब्जेक्ट को ईजी बनाने में ग्रुप-स्टडी बहुत काम आती है। तुम्हें भी अपने दोस्तों के साथ ग्रुप-स्टडी करनी चाहिए। तुम अपने दोस्तों को घर बुला लो। मैं तुम लोगों के बढ़िया से नाश्ते-पानी का इंतजाम कर दूंगी। तुम सभी दोस्त नाश्ता भी करना और हंसते-खेलते मैथ्स के सवाल भी हल करना।' मम्मी ने सुझाव दिया।

'सचमुच मम्मी...!' तेजस हंसते हुए बोला।

'हां-हां बेटा, मैं भी जब तुम्हारी उम्र की थी तो यही करती थी। ग्रुप-स्टडी के दौरान हम एक-दूसरे की काफी मदद करते थे। इसमें हमें बहुत मजा आता था, पढ़ाई कभी भी बोझ नहीं लगती थी।' मम्मी ने बताया।

तेजस को मम्मी की सारी बातें समझ आ गई थीं। उसने तय किया कि वह मम्मी की बताई बातों को अमल में लाएगा। वह बहुत खुश था, क्योंकि उसके मन से मैथ्स का डर भाग चुका था। वह मम्मी के गले लगकर बोला, 'आप मेरी प्यारी मम्मी हो!' *

## जीके क्विज-111

1. भारतीय क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीता?
2. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर कौन बने हैं?
3. हाल में लगातार दूसरी बार भारत के रक्षा मंत्री कौन बने हैं?
4. हर वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
5. ओलंपिक खेल कितने वर्षों के अंतराल पर आयोजित किए जाते हैं?
6. भारत के सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज कौन थीं?
7. 'भारत कोकिला' के नाम से किन्हें जाना जाता है?
8. दुनिया का सबसे छोटा महासागर कौन सा है?
9. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
10. अंतरिक्ष से आसमान का रंग कैसा दिखाई देता है?



बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-110 का उत्तर :** 1.ओम बिरला, 2.अजीत डोभाल, 3.दक्षिण कोरिया, 4.तेलंगाना, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.चंद्रमा, 10.सहारा

**जीके क्विज-110 का सही उत्तर देने वाले :** मिर्जा अमीन बेग-रतनपुर, कबीर-हिसार, शुभम-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पायल-ईमेल से, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी.ईशान-अहमदाबाद, नितिन-दुर्ग, सरबजीत-करनाल, अंजलि-कवर्धा, मानवी मधुकर-बिलासपुर, दिव्या-रोहतक, आदित्य-रायपुर

## हंसगुल्ले



**नव्या** : तुम शीशे के सामने बैठकर क्यों पढ़ती हो?
**नैंसी** : क्योंकि इसके दो फायदे हैं।
**नव्या** : क्या फायदे हैं?
**नैंसी** : साथ में पढ़ने के लिए कंपनी मिल जाती है और खुद पर नजर भी रहती है।

**-खुशबू, रायपुर**

**सोनू** : पता है, कल रात भर मुझे नींद नहीं आई।
**मोनू** : क्यों?
**सोनू** : मैं सपने देखता रहा कि मैं जाग रहा हूं।

**-प्रियांश, रोहतक**

टीचर : बच्चों, यमुना नदी कहां बहती है?
रोहन : सर, जमीन पर?
टीचर : मैप में बताओ, कहां बहती है?
रोहन : सर, मैप में नदी बहेगी तो मैप गीला नहीं हो जाएगा?

**-आर्यन, दुर्ग**

# कैसे होती है रिमझिम बारिश



इन दिनों हर जगह बारिश हो रही है। बच्चों को तो बारिश बहुत ज्यादा सुहाती है, क्योंकि उन्हें बारिश में भीगने और छप्पाक-छपाई खेलने का मौका मिलता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि बारिश क्यों और कैसे होती है, बारिश की बूंदें गोल क्यों होती हैं? जानो, बारिश से जुड़ी पूरी जानकारी।

नॉलेज-टॉक / अशोक जोशी

समीर आज जैसे ही स्कूल पहुंचा, एकाएक बारिश होने लगी। वह सोचने लगा, कल तक तो गर्मी थी, अचानक बादल कहां से आ गए और बारिश होने लगी? समीर समझ नहीं पा रहा था कि आखिर बारिश होती कैसे है? विज्ञान के पीरियड में जब श्रीवास्तव सर आए तो उसने बड़ी जिज्ञासा से पूछ ही लिया, 'सर, एक बात समझ में नहीं आती कि बारिश होती कैसे है?' श्रीवास्तव सर पहले मुस्कराए फिर बोले, 'समीर, तुमने बहुत अच्छा प्रश्न पूछा है। तुम्हारी तरह सभी बच्चों के दिमाग में यही प्रश्न उठ रहा होगा। क्यों बच्चों, क्या कहते हो?' 'हां सर, प्लीज हमें बरसात के बारे में बताएं।' बच्चे एक स्वर में बोले। श्रीवास्तव सर ने बताना शुरू किया, 'बच्चों, वर्षा ऋतु, पूरे वर्ष का वह समय होता है, जब किसी क्षेत्र में अधिकांश औसत वर्षा होती है। पूरे भारत में गर्मी के बाद वर्षा ऋतु की शुरुआत जुलाई में होती है और सितंबर तक चलती है। यह ऐसा मौसम है, जिसका अलग-अलग कारणों से लोगों को इंतजार रहता है।'

'लेकिन सर पानी तो जमीन पर होता है। वह आसमान में कैसे पहुंचता है?' समीर की वर्षा को लेकर जिज्ञासा बढ़ती जा रही थी। श्रीवास्तव सर आगे बोले, 'तुम्हारा सोचना स्वाभाविक है कि आखिर आसमान में पानी कैसे पहुंचता है? सुनो, जब सूरज की किरणें धरती पर पड़ती हैं तो यह धीरे-धीरे धरती और विभिन्न जल स्रोतों में उपस्थित पानी को गर्म करने लगती हैं। गर्म होने के कारण पानी के कण एक-दूसरे से दूर होने लगते हैं फिर ये कण वाष्प में बदल जाते हैं। यह वाष्प बिल्कुल हल्की होती है, इसलिए हवा के साथ धीरे-धीरे आसमान की ओर चली जाती है।' 'सर, यह भी बताइए ना कि बादल कैसे बनते हैं और इनसे बारिश कैसे होती है?' विवेक ने अगला सवाल किया। 'वेरी गुड, विवेक...!' श्रीवास्तव सर इस प्रश्न पर खुश हुए, उन्होंने बादल बनने और बारिश होने की प्रक्रिया भी समझाई, 'वास्तव में होता यह है कि प्रत्येक 165 मीटर की ऊंचाई पर औसतन 1 डिग्री सेल्सियस तापमान कम होने लगता है, जिसके कारण ऊपर उठने वाली भाप ठंडी होने लगती है। जब जलवाष्प के ये ठंडे छोटे-छोटे कण एक-दूसरे से मिलकर इकट्ठा होते हैं, तो उन्हें हम बादल कहते हैं। चूंकि ये कण बहुत ही हल्के होते हैं, इसलिए ये हवा में आसानी से उड़ने लगते हैं।' श्रीवास्तव सर ने आगे और भी जानकारी दी, 'बच्चों,जब वायुमंडल का तापमान ओसांक (ड्यू प्वॉइंट) से नीचे गिर जाता है, तब बादल के रूप में संघनित जलवाष्प पानी की बूंदों या ओलों के रूप में पृथ्वी पर गिरने लगता है। बादल के रूप में जमा पानी के इन कणों को जमीन पर गिरने के लिए आपस में मिलकर एक क्रिस्टल बनाना पड़ता है। बर्फ का क्रिस्टल बनाने के लिए इन्हें किसी ठोस चीज की आवश्यकता होती है, जो क्रिस्टल के आधार का काम कर सके। बारिश के लिए जंगल की आग, फैक्ट्री या चिमनी आदि से निकलने वाले धुंए से निर्मित छोटे-छोटे कण, रेत के छोटे कण, सूक्ष्मजीव और अंतरिक्ष से आने वाले छोटे उल्कापिंड भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'

अब तक शांत बैठी संगीता ने भी अपनी गोल-गोल आंखें घुमाकर सवाल किया, 'सर, हमने गौर किया है कि बारिश की जो बूंदें आसमान से टपकती हैं, वे गोल होती हैं, ऐसा क्यों?' 'वाह संगीता! तुम तो बड़े ध्यान से बरसात की बूंदों को देखती हो।' सर हंसे और बोले, 'बच्चों, यह तो तुम जानते ही होगे कि पानी को जिस आकार के बरतन में डाल दें, वह उसके आकार में ही ढल जाता है। जहां तक बारिश के बूंदों की बात है तो 'सरफेस टेंशन' यानी पृष्ठ तनाव की वजह से गोल आकार की हो जाती हैं। ऊंचाई से गिरता हुआ कोई भी द्रव जैसे-जैसे पृथ्वी के पास आता है, वह छोटे-छोटे गोल बूंदों का रूप ले लेता है। गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में सबसे न्यूनतम आकार गोलाकार होता है। बारिश की बूंदें जब स्वतंत्र होकर गिरती हैं, तो वह न्यूनतम आकार लेने का प्रयास करती हैं। इसलिए गिरती हुई बारिश की बूंदें जैसे-जैसे छोटी होती जाती हैं, गोलकार रूप लेने लगती हैं।' एक पल ठहर कर श्रीवास्तव सर ने बच्चों से पूछा,

'अब सबके समझ में आ गया ना कि बारिश कैसे होती है?'

'हां सर!' सभी बच्चे समवेत स्वर में जोर से बोले। उधर बाहर गड़गड़ाहट के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई थी। बच्चों का मन कर रहा था बाहर निकल कर बारिश में भीगें और छप्पाक-छपाई खेलें। *

कविता
आशा शर्मा



## बरखा के संग

काले बादल शोर मचाएं
उमड़-घुमड़ कर हमें बुलाएं
दिल करता सब भूल-भालकर
बरखा के संग नाचे गाएं।
इंद्रधनुष को घर ले आएं
रोलर कोस्टर उसे बनाएं
सतरंगी झूले पर चढ़कर
आसमान में पींग बढ़ाएं।
कागज की कश्ती बनवाएं
ताल-तलैया में तैराएं
कैनवास धरती को कर लें
फिर मनचाहे चित्र बनाएं।
गीली मिट्टी से सन जाएं
घमौरियों पर लेप लगाएं
सावन वाली डोकरिया को
अपने घर का पता बताएं।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1.लड़की के बाल में लगे फूल की एक पंखुरी गायब है। 2.लड़की की दाहिनी हथेली के पीछे दिख रहे पहाड़ की आकृति अलग है। 3.लड़की के फ्रॉक के निचले हिस्से पर दो पीली पट्टियां हैं। 4.लड़की के बाएं हाथ के पीछे फूल वाला एक नन्हा पौधा दिख रहा है। 5.लड़की के बाईं तरफ फूल वाला एक पौधा कम है। 6. लड़की के फ्रॉक के ऊपरी हिस्से में एक रिबन कम है।

## सही मैचिंग करो

बच्चों, इस चित्र में सोनू (S), मोनू (M) और राजू (R) फिशिंग कर रहे हैं। उनके फिशिंग रॉड के धागे आपस में उलझ गए हैं। तुम चित्र को गौर से देखो और बताओ कि किसने कौन-सी मछली पकड़ी?




उत्तर: S-2, M-3, R-1

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां कई सारी बिल्लियों के चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ कि इस चित्र में कुल कितनी बिल्लियां दिख रही हैं?



उत्तर-12